
Samyak
An Institute For Civil Services

द्वि मासिक नवम्बर-दिसम्बर, 2020
समसामयिकी घटनाचक्र

# करेंट अफेयर्स

## नवम्बर-दिसम्बर, 2020



• अंतरराष्ट्रीय • राष्ट्रीय • राजस्थान • सुजस सार
• विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी • खेल जगत














सभी प्रतियोगी
परिक्षाओं हेतु
उपयोगी

Samyak
An Institute For Civil Services

GET IT ON Google Play

**Samyak**
An Institute For Civil Services

"MOST TRUSTED AND AWAITED"

# RAS Mains TEST SERIES

**STARTING FROM 14 FEBUARY, 2021**
**EVERY SUNDAY @ 10 AM**

## TOTAL 44 TEST
**(36 TOPIC WISE + 8 FULL TEST)**

- Post Test Analysis
- Based on RPSC Pattern
- Based on Latest Trend
- Detailed Model Answer

HINDI & ENGLISH MEDIUM

ONLINE & OFFLINE

:: For More Information ::

**9875170111**

Above Canara Bank, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur

## TEST SCHEDULE

| Paper Code : 1421 | Dt. 14 February - 2021 |
|---|---|

**भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, विश्व राजनीति एवं समसामयिक मामले खण्ड-1**

- ❖ भारतीय संविधान : निर्माण, विशेषताएं, संशोधन, मूल ढांचा।
- ❖ वैचारिक सत्व : उद्देशिका, मूल अधिकार, राज्य नीति के निदेशक तत्व, मूल कर्तव्य।
- ❖ संस्थात्मक ढांचा-I : संसदीय प्रणाली, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मंत्री परिषद्, संसद।
- ❖ संस्थात्मक ढांचा-II : संघवाद, केंद्र राज्य संबंध, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, न्यायिक पुनरावलोकन, न्यायिक सक्रियता।

# 1 अन्तरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## ■ पेरिस समझौते से अलग हुआ अमेरिका

संयुक्त राज्य अमेरिका 4 नवम्बर, 2020 को 'पेरिस समझौते' से औपचारिक रूप से अलग हो गया है। अमेरिका ने इस समझौते को अर्थव्यवस्था तथा अमेरिकी उद्योगों और श्रमिकों के हितों के लिए हानिकारक बताते हुए यह कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि पेरिस समझौते के अनुच्छेद–28 के तहत समझौते से अलग होने की प्रक्रिया का उल्लेख है।

**पेरिस समझौता:**- दिसम्बर, 2015 में विश्व के 195 देशों ने 'वैश्विक स्तर पर तापमान में हो रही औसत वृद्धि को पूर्व–औद्योगिक स्तर से 2°C तक सीमित रखने और इस वृद्धि को 1.5°C तक नियंत्रित करने के प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते में शामिल सभी सदस्यों ने 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' (Nationally Determined Contribution-NDC) के माध्यम से अपने सर्वोत्तम प्रयासों को आगे बढ़ाने तथा आने वाले वर्षों में इसे और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। यह समझौता 4 नवम्बर, 2016 को लागू हुआ तथा यह क्योटो प्रोटोकॉल (विस्तारित अवधि वर्ष 2020 तक) का स्थान लेगा।

## ■ आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच शांति समझौता

आर्मेनिया, अजरबैजान और रूस ने विवादित क्षेत्र नागोर्नो–काराबाख में चल रहे सैन्य संघर्ष को समाप्त करने के लिए 9 नवम्बर, 2020 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान, अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता 10 नवम्बर, 2020 से प्रभावी हो गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद शुरू हुए इस विवाद के कारण अब तक हजारों लोगों ने जान गंवाई और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं।

**समझौता में यह:**-

1. दोनों देश सीमा पर यथास्थिति बनाए रखेंगे। इस प्रावधान से अजरबैजान को काफी लाभ होगा, क्योंकि उसने सितम्बर माह (जब संघर्ष की शुरुआत हुई थी) की तुलना में 15–20 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र प्राप्त कर लिया है।

2. सभी प्रकार के सैन्य अभियानों को निलंबित कर दिया गया है। रूस की शांति सेना को विवादित क्षेत्र नागोर्नो–काराबाख तथा इस क्षेत्र को आर्मेनिया से जोड़ने वाले लाचिन कॉरिडोर में तैनात किया जाएगा। लगभग 2000 सैनिकों वाली यह शांति सेना 5 वर्ष की अवधि के लिए इस क्षेत्र में तैनात की जाएगी।

3. शरणार्थी और आंतरिक रूप से विस्थापित लोग इस क्षेत्र और आस–पास के क्षेत्रों में वापस लौट सकेंगे तथा दोनों पक्ष युद्ध बंदियों का भी आदान–प्रदान करेंगे। इस कार्य के लिए नखचिवन से अजरबैजान तक एक नया कॉरिडोर शुरू किया जाएगा, जो कि रूस के नियंत्रण में होगा।

## ■ SCO का 20वां सम्मेलन

शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के प्रमुखों का 20वां सम्मेलन 10 नवम्बर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने की। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्त्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसके अतिरिक्त SCO सचिवालय के महासचिव, एससीओ क्षेत्रीय आतंकरोधी तंत्र के कार्यकारी निदेशक के साथ–साथ 4 पर्यवेक्षक देशों–अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया के राष्ट्रपतियों ने भी इस बैठक में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा एवं विकास के प्रति भारत की दृढ़ता को पुनः दोहराया और आतंकवाद, हथियारों तथा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी तथा मनी लॉन्ड्रिंग की चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने SCO के अंतर्गत आने वाले भौगोलिक क्षेत्र में भारत के मजबूत सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया और अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन कॉरिडोर, चाबहार बंदरगाह तथा अश्गाबात समझौते जैसे क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने वाले समझौतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चीन की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने 'क्षेत्रीय अखंडता' एवं 'संप्रभुता' का सम्मान करने का आग्रह किया। सम्मेलन में भारत ने सदस्य देशों के समक्ष नवाचार एवं स्टार्टअप्स के लिए 'विशिष्ट कार्य समूह' के गठन तथा पारंपरिक दवाओं पर एक उप–समूह के गठन का भी प्रस्ताव रखा।

## म्यांमार में चुनाव

म्यांमार में हुए चुनाव में सत्ताधीन आंग सान सू की, की पार्टी 'नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' ने जीत हासिल की है। 13 नवम्बर, 2020 को घोषित चुनाव परिणाम में नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी ने संसद के दोनों सदनों की कुल 664 सीटों में से 346 सीटों पर जीत हासिल की।

## 15वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

15वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन 14 नवम्बर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता आसियान अध्यक्ष के रूप में वियतनाम के प्रधानमंत्री गुयेन शुयान फुक ने की। सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर सहित 18 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में समुद्री स्थिरता, महामारी की रोकथाम, शांति, सुरक्षा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के निरन्तर विकास पर चर्चा की गई। साथ ही समूह को और अधिक मजबूत व उत्तरदायी बनाने पर विचार किया गया।

## क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी

दस आसियान देशों और उनके 5 अन्य मुक्त व्यापार साझेदार देशों (ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड तथा दक्षिण कोरिया) के बीच 15 नवम्बर, 2020 को 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी' (Regional Comprehensive Economic Partnership- RCEP) पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत ने 7 वर्षों तक इस समझौते की लंबी वार्ता में शामिल रहने के बाद आखिरी मौके पर इससे अलग रहने का निर्णय लिया। RCEP से अलग रहने के पीछे भारत ने इस समझौते में अपने कई मुद्दों और चिंताओं पर आवश्यकता अनुरूप ध्यान नहीं दिए जाने को बड़ा कारण बताया है। भारतीय उद्योगों को भय है कि RCEP में शामिल होने से भारतीय बाजारों में चीन के सस्ते उत्पादों की संख्या अत्यधिक बढ़ सकती है।

**यह भी जानें:-** RCEP एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है। RCEP देश विश्व की एक-तिहाई आबादी और वैश्विक जीडीपी के 30% हिस्से (लगभग 26 ट्रिलियन से अधिक) का प्रतिनिधित्व करते हैं। RCEP की अवधारणा नवम्बर, 2011 में आयोजित 11वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत की गई और नवम्बर, 2012 में कंबोडिया में आयोजित 12वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते की प्रारंभिक वार्ताओं की शुरुआत की गई।

## सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध की WHO रणनीति

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 17 नवम्बर, 2020 को 73वें वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के समापन अवसर पर सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर को समाप्त करने के लिए वैश्विक रणनीति जारी की है। 'Global Strategy to Accelerate the Elimination of Cervical Cancer' शीर्षक से जारी से इस रणनीति के तहत वर्ष 2030 तक निम्न लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं:-

1. वर्ष 2050 तक 40 प्रतिशत से अधिक नए मामलों को स्क्रीनिंग, टीकाकरण और उपचार द्वारा कम करना।

2. 15 वर्ष की आयु की 90 प्रतिशत लड़कियों का एचपीवी (Human Papillomavirus Vaccine) टीकाकरण करना।

3. 35-45 वर्ष के बीच की 70 प्रतिशत महिलाओं की स्क्रीनिंग करना।

4. सर्वाइकल प्री-कैंसर और कैंसर के उपचार के लिए 90 प्रतिशत तक पहुंच बनाना।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन:-** WHO संयुक्त राष्ट्र संघ की एक विशेष एजेंसी है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इसकी स्थापना 7 अप्रेल, 1948 को हुई थी। इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में अवस्थित है। WHO संयुक्त राष्ट्र विकास समूह का सदस्य है। इसकी पूर्ववर्ती संस्था 'स्वास्थ्य संगठन' लीग ऑफ नेशंस की एजेंसी थी। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जो सदस्य देशों के स्वास्थ्य के मंत्रालयों के साथ मिलकर काम करता है। WHO का मुख्य उद्देश्य, वैश्विक स्वास्थ्य मामलों पर नेतृत्व प्रदान करते हुए स्वास्थ्य अनुसंधान एजेंडा को आकार देना, मानदंड और मानक निर्धारण, देशों को तकनीकी सहायता प्रदान करना और स्वास्थ्य रुझानों की निगरानी और मूल्यांकन करना है। भारत 12 जनवरी, 1948 को WHO का सदस्य बन गया। दक्षिण पूर्व एशिया के लिए इसका क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

## 12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

रूस की मेजबानी में 17 नवम्बर, 2020 को 12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आभासी रूप से आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भागीदारी की। सम्मेलन का विषय था- 'वैश्विक स्थिरता, साझा सुरक्षा और नवाचारी वृद्धि'।

सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार, पोस्ट COVID-19 अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स देशों की महत्त्वपूर्ण भूमिका के मुद्दे उठाए जाने पर बल दिया। शिखर सम्मेलन के दौरान 'ब्रिक्स आतंकवाद-रोधी रणनीति' हस्ताक्षर के लिए रखी गई।

## ■ जी-20 शिखर सम्मेलन

सऊदी अरब की अध्यक्षता में 21-22 नवम्बर, 2020 के बीच 15वें जी-20 शिखर सम्मेलन (वर्चुअल) का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय था, 'सभी को 21वीं सदी में अवसर प्रदान करना'। इस शिखर सम्मेलन में 19 सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों, यूरोपीय संघ व अन्य नामित देशों/संगठनों ने हिस्सा लिया। भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। उन्होंने कोरोना से निपटने के बाद नया वैश्विक सूचकांक बनाने की आवश्यकता जताई, जिसमें चार तत्वों- प्रतिभाओं को विशाल बनाने, समाज के हर वर्ग तक तकनीक की पहुंच, पारदर्शी शासन व्यवस्था और पृथ्वी के संरक्षण का भाव शामिल हैं। सम्मेलन में मुख्य रूप से कोविड-19 से निपटने पर जोर दिया गया। अगला जी-20 शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 में इटली की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

## ■ 17वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन

17वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन नवम्बर, 2020 में आभासी रूप से आयोजित किया गया। सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागीदारी की गई। वियतनाम की अध्यक्षता में सभी 10 आसियान सदस्य देशों द्वारा शिखर सम्मेलन में भागीदारी की गई। सम्मेलन के दौरान दक्षिण चीन सागर और आतंकवाद सहित सामान्य हित एवं चिंता के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई।

**शिखर सम्मेलन में चर्चा के प्रमुख विषयः-**

1. दोनों पक्षों द्वारा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों, विशेषकर 'संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सन्धि' (UNCLOS) के पालन के साथ-साथ इस क्षेत्र में एक नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने के महत्त्व को उजागर किया गया।
2. दोनों पक्षों के नेताओं द्वारा दक्षिण चीन सागर में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए नेविगेशन व ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।
3. भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तरदायीपूर्ण, संवेदनशील तथा समृद्ध आसियान, भारत के 'इंडो-पैसिफिक विजन' तथा हिंद महासागर के लिए रणनीतिक विजन 'सागर' (Security and Growth for All in the Region -SAGAR) के केंद्र में है।

सम्मेलन में भारत-आसियान कनेक्टिविटी का समर्थन करने के लिए एक बिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन के भारत के प्रस्ताव को दोहराया गया।

**यह भी जानें:-** वर्ष 2002 में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई थी। 16वां भारत-आसियान शिखर सम्मेलन बैंकॉक, थाईलैंड में 03 नवम्बर, 2019 को आयोजित किया गया था।

## ■ न्यूनतम बॉडी मास इंडेक्स

'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 200 देशों में 19 वर्षीय लड़कियों और लड़कों के 'बॉडी मास इंडेक्स' में भारत क्रमशः नीचे से तीसरे और पांचवें स्थान पर है।

'द लांसेट' एक साप्ताहिक विशिष्ट-समीक्षा करने वाली सामान्य चिकित्सा पत्रिका है। यह दुनिया के सबसे पुराने और सबसे प्रसिद्ध सामान्य चिकित्सा पत्रिकाओं में से एक है। अध्ययन में 200 देशों के 19 वर्षीय किशोरों के बीएमआई का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है।

**बॉडी मास इंडेक्स (BMI):-** बीएमआई या बॉडी मास इंडेक्स की गणना किसी व्यक्ति की ऊंचाई और वजन के आधार पर की जाती है। इसके लिए व्यक्ति के वजन को (किग्रा. में), ऊंचाई (मीटर में) के वर्ग से विभाजित किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सामान्य बीएमआई 18.5 से 24.9 के बीच रहता है।

**भारत में बीएमआई की स्थितिः-** भारत में 19 वर्षीय लड़कों का बीएमआई 20.1 है। भारतीय लड़कियों के लिए भी औसत बीएमआई लड़कों के समान 20.1 है।

## ■ अन्तरराष्ट्रीय शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक

'ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट' द्वारा ग्लोबल टाइम-सीरीज डेटासेट (वर्ष 1900 से वर्ष 2019 तक) के एक भाग के रूप में नवम्बर, 2020 में 'अन्तरराष्ट्रीय शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक' जारी किया गया है। सूचकांक में 0-1 के बीच स्कोर दिया गया है और 1 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बताता है। सूचकांक में भारत ने 0.352 स्कोर के साथ बहुत खराब प्रदर्शन किया है।

**शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांकः-** शैक्षणिक स्वतंत्रता का मतलब है कि संकाय के सदस्यों और छात्रों द्वारा आधिकारिक हस्तक्षेप या प्रतिशोध के डर के बिना बौद्धिक विचार व्यक्त किए जाते हों। यह सूचकांक दुनियाभर में शैक्षणिक स्वतंत्रता के स्तर की तुलना करता है और साथ ही शैक्षणिक स्वतंत्रता में की गई कमी की समझ को बढ़ाता है। सूचकांक का मूल्यांकन निम्नलिखित आठ घटकों के आधार पर किया जाता है- शोध और शिक्षा की स्वतंत्रता, अकादमिक विनिमय और प्रसार की स्वतंत्रता, संस्थागत स्वायत्तता, परिसर अखंडता, शैक्षणिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शैक्षणिक स्वतंत्रता की संवैधानिक सुरक्षा, शैक्षणिक स्वतंत्रता के तहत अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धता, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय समझौते व विश्वविद्यालयों का अस्तित्व।

**शीर्ष प्रदर्शकः-** 0.971 के स्कोर के साथ उरुग्वे और पुर्तगाल शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक (एएफआई) में शीर्ष पर हैं, इसके बाद लातविया (0.964) और जर्मनी (0.960) हैं।

## ■ भारत-लक्जमबर्ग वर्चुअल समिट

भारत-लक्जमबर्ग के बीच 19 नवम्बर, 2020 को वर्चुअल समिट का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने भारत और लक्जमबर्ग के बीच साझा सिद्धांतों और लोकतंत्र, कानून के शासन तथा मानवाधिकारों के मूल्यों के आधार पर उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध स्थापित करने पर जोर दिया।

सम्मेलन में तय किया गया कि जल्द ही आर्थिक-व्यापारिक संबंधों की समीक्षा के लिए भारत तथा बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक संघ के बीच 17वीं संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक आयोजित की जाएगी। ज्ञात हो कि संयुक्त आर्थिक आयोग की 16वीं बैठक सितम्बर 2019 में आयोजित की गई थी।

**तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षरः-**

1. इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (India INX) और लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता ज्ञापन।
2. भारतीय स्टेट बैंक और लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता ज्ञापन।
3. इन्वेस्ट इंडिया और लक्सिनोवेशन (Luxinnovation) के बीच समझौता ज्ञापन।

## ■ निवार चक्रवात

उष्ण कटिबंधीय चक्रवात निवार ने नवम्बर, 2020 में तमिलनाडु-पुड्डुचेरी तट के साथ 'लैंडफॉल' बनाया। 'लैंडफॉल' से तात्पर्य एक चक्रवात की बाहरी दीवार के तटरेखा एवं उससे आगे बढ़ने की घटना से है। यह उत्तर हिंद महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला इस वर्ष का चौथा चक्रवात है।

## ■ भारत-बहरीन के बीच समझौते

भारत और बहरीन नवम्बर, 2020 में रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों सहित अपने ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों में, रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, IT, FinTech, स्वास्थ्य, हाइड्रोकार्बन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र शामिल थे।

## ■ नेपाल की संसद भंग

नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली की सिफारिश पर 20 दिसम्बर, 2020 को देश की प्रतिनिधि सभा (संसद के निचले सदन) को भंग कर दिया। राष्ट्रपति भंडारी ने अप्रेल-मई, 2021 में मध्यावधि चुनाव कराने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि सदन के पांच वर्षीय कार्यकाल के अभी भी दो वर्ष शेष हैं। के.पी. शर्मा ओली को अपने दल के भीतर ही पूर्व प्रधानमंत्री और सत्तारुढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। ध्यातव्य है कि इस कदम से नेपाल की सत्तारुढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के विभाजन की संभावना काफी बढ़ गई है।

## ■ भारत-अमेरिका बौद्धिक संपदा सहयोग समझौता

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) ने संयुक्त राज्य अमेरिका के पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय (USPTO) के साथ बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच उद्योगों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान तथा संस्थाओं के स्तर पर अनुभवों और बेहतरीन तौर-तरीकों तथा ज्ञान को साझा करने में मदद मिलेगी। इस समझौते के माध्यम से कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, IPR के संरक्षण, पेटेंट और औद्योगिक डिजाइनों के पंजीकरण एवं परीक्षण हेतु सर्वोत्तम प्रथाओं और सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। यह समझौता वैश्विक नवाचार में एक प्रमुख देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम होगा और राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति-2016 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा।

## ओमान-भारत मैत्री संघ

पश्चिम एशिया में भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदार ओमान के विदेश मंत्री ने ओमान-भारत मैत्री संघ (Oman&India Friendship Association) की स्थापना की घोषणा की है। ओमान-भारत मैत्री संघ की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य एक ऐसे मंच की स्थापना करना है जो ओमान और भारत के बीच पारस्परिक हित के मामलों को बढ़ावा दे सके। इस मंच के माध्यम से न केवल दोनों देशों के बीच व्यापारिक हितों को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि इससे दोनों समुदायों के बीच पारस्परिक सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। ध्यातव्य है कि ओमान, अरब प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित एक अरब देश है। यह उत्तर-पश्चिम में संयुक्त अरब अमीरात, पश्चिम में सऊदी अरब और दक्षिण-पश्चिम में यमन के साथ अपनी भू-सीमा साझा करता है। इसके अलावा यह ईरान और पाकिस्तान के साथ अपनी समुद्री सीमा भी साझा करता है।

## माउंट एवरेस्ट की नई ऊंचाई

नेपाल और चीन ने दिसम्बर, 2020 में माउंट एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई 8,848.86 मीटर घोषित की है। नई ऊंचाई पिछली माप से 86 सेमी. अधिक है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा वर्ष 1954 में 8,848 मीटर ऊंचाई मापी गई थी। एवरेस्ट को नेपाल में सागरमाथा और चीन में माउंट कोमोलंगमा के नाम से भी जाना जाता है। यह नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है और इसके शिखर पर दोनों ओर से पहुंचा जा सकता है।

## इस्लामिक सहयोग संगठन

संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है। 57 देश इसके सदस्य हैं, जिसमें से करीब 40 सदस्य मुस्लिम बहुल देश हैं। भारत इस संगठन का हिस्सा नहीं है।

**यह भी जानें**:- OIC की स्थापना 25 सितम्बर, 1969 को रबात में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी। इसका मुख्यालय सऊदी अरब के जेद्दा में है। यह संगठन मुस्लिम जगत की सामूहिक शक्ति के रूप में कार्य करता है। इस संगठन का मूल उद्देश्य वैश्विक समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच मुस्लिम जगत के हितों को संरक्षण प्रदान करना है।

**चर्चा में क्यों**:- नाइजर की राजधानी नियामे में आयोजित OIC के विदेश मंत्रियों की परिषद के 47वें सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों को संदर्भित किया गया। साथ ही भारत की जम्मू-कश्मीर नीति की आलोचना की गई। भारत सरकार ने इसे स्पष्ट तौर पर खारिज किया है।

## भांग मादक पदार्थों की सूची से बाहर

संयुक्त राष्ट्र के मादक पदार्थ आयोग ने दिसम्बर, 2020 में 63वें सत्र में भांग को मादक पदार्थों की सबसे खतरनाक श्रेणी से बाहर कर दिया है। अब भांग और भांग की रोल (चरस) दोनों को अनुसूची I में रखा जाएगा, जिसके अंतर्गत पदार्थों की सबसे कम खतरनाक श्रेणी को शामिल किया जाता है।

## मानव विकास सूचकांक

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने 15 दिसम्बर, 2020 को 'मानव विकास रिपोर्ट (Humen Develpment Report- HDR) 2020' शीर्षक से मानव विकास सूचकांक जारी किया है। 189 देशों को लेकर तैयार किए गए सूचकांक में भारत को 131वां स्थान दिया गया है। गत वर्ष भारत 129वें स्थान पर था।

**ये हैं मानक**:- 1. लंबा और स्वस्थ जीवन, 2. ज्ञान तक पहुंच, 3. जीने का एक सभ्य मानक।

**शीर्ष स्थान प्राप्तकर्त्ताः-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ◆ नॉर्वे | 1 |
| ◆ आयरलैंड | 2 |
| ◆ स्विट्जरलैंड | 3 |
| ◆ हॉन्गकॉन्ग | 4 |
| ◆ आइसलैंड | 5 |

**निचले स्थान प्राप्तकर्ता देशः-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ◆ नाइजर | 189 |
| ◆ सैन्ट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक | 188 |
| ◆ चाड | 187 |
| ◆ दक्षिण सूडान | 185 |
| ◆ बुरुंडी | 184 |

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक

जर्मन वॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा 07 दिसम्बर, 2020 को 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन

सूचकांक- 2021' जारी किया गया है। सूचकांक में भारत को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष भारत को 9वां स्थान प्राप्त हुआ था। सूचकांक में पहले तीन स्थान रिक्त हैं। कोई भी देश शीर्ष तीन स्थानों से संबंधित मापदंडों को पूरा करने में सफल नहीं हो पाया। यह दूसरी बार है जब अमेरिका को इस सूचकांक में सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

**ये रहे मानक:-** यह सूचकांक निम्न चार श्रेणियों के अंतर्गत 14 संकेतकों पर देशों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर जारी किया जाता है:- 1. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (40 प्रतिशत), 2. नवीकरणीय ऊर्जा (20 प्रतिशत), 3. ऊर्जा उपयोग (20 प्रतिशत), 4. जलवायु नीति (20 प्रतिशत)।

**शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता देश :-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ♦ रिक्त | 1 |
| ♦ रिक्त | 2 |
| ♦ रिक्त | 3 |
| ♦ स्वीडन | 4 |
| ♦ यूनाइटेड किंगडन | 5 |

**निचले स्थान प्राप्तकर्ता देश :-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ♦ अमेरिका | 61 |
| ♦ सऊदी अरब | 60 |
| ♦ ईरान | 59 |
| ♦ कनाडा | 58 |

## ■ मानव स्वतंत्रता सूचकांक

संयुक्त राज्य अमेरिका के कैटो इंस्टीट्यूट और कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट ने वर्ष 2008 से 2018 के डेटा का उपयोग कर 'मानव स्वतंत्रता सूचकांक-2020' जारी किया है। 162 देशों को लेकर जारी सूचकांक में न्यूजीलैंड को पहला स्थान, जबकि सीरिया को निम्नस्थ स्थान प्रदान किया गया है। भारत ने सूची में 111 वां स्थान पाया है।

**शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता देश :-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ♦ न्यूजीलैंड | 1 |
| ♦ स्विट्जरलैंड | 2 |
| ♦ हांगकांग | 3 |
| ♦ डनेमार्क | 4 |
| ♦ ऑस्ट्रेलिया | 5 |

**निचले स्थान प्राप्तकर्ता देश :-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| ♦ सीरिया | 162 |
| ♦ सूडान | 161 |
| ♦ वेनेजुएला | 160 |

## ■ भारत-बांग्लादेश आभासी शिखर सम्मेलन

भारत और बांग्लादेश के बीच 17 दिसम्बर, 2020 को आभासी बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे- हाइड्रोकार्बन, हाथी संरक्षण, स्वच्छता एवं कृषि में सहयोग का विस्तार करने के लिए 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए तथा 1965 से पहले के रेल संपर्क को फिर से बहाल किया। बांग्लादेश ने मार्च, 2021 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ और बांग्लादेश-भारत के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर समारोह में शामिल होने के लिए भारत को आमंत्रित भी किया।

**चिल्हाटी-हल्दीबाडी रेल लिंक:-** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने समिट के दौरान संयुक्त रूप से भारत-बांग्लादेश के बीच चिल्हाटी-हल्दीबाड़ी रेल लिंक का उद्घाटन किया। इसी के साथ भारत-बांग्लादेश के बीच लगभग 55 वर्ष बाद पुनः चिल्हाटी-हल्दीबाड़ी रेल संपर्क खोल दिया जाएगा, जिसे वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बंद कर दिया गया था। हल्दीबाड़ी (पश्चिम बंगाल) से चिल्हाटी (बांग्लादेश) तक की यह रेलवे लाइन अब दोनों देशों के बीच आवागमन को आसान बनाने, आपसी संपर्क और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पुनः चालू की जा रही है।

## ■ भारत-वियतनाम आभासी शिखर सम्मेलन

भारत और वियतनाम के बीच 21 दिसम्बर, 2020 को आभासी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वियतनाम के प्रधानमंत्री गुयेन जुआन फुक ने हिस्सा लिया। इस दौरान आईटी, रक्षा, पेट्रो-केमिकल, परमाणु ऊर्जा, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और कैंसर अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए तथा अपनी विकास साझेदारी को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच नेशनल टेलिकॉम इंडस्ट्री, न्हा ट्रांग (वियतनाम) में आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क के लिए 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता हेतु समझौता हुआ।

## भारत-उज्बेकिस्तान आभासी शिखर सम्मेलन

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच दिसम्बर, 2020 में आभासी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों देशों द्वारा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी तथा साइबर सुरक्षा जैसे कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की बात कही गई। सम्मेलन के दौरान हुए समझौते में अफगानिस्तान में कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर सहयोग एवं इसकी शांति प्रक्रिया, ईरान के साथ त्रिपक्षीय बातचीत, आतंकवाद का मुकाबला, आदि जैसे मुद्दों को शामिल किया गया।

## फोर्ब्स : विश्व की 100 शक्तिशाली महिलाएं

अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा 8 दिसम्बर, 2020 को विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की गई। इस सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल को शीर्ष स्थान दिया गया है। एंजेला मर्केल को लगातार 10वीं बार इस सूची में शीर्ष स्थान मिला है। यूरोपियन केन्द्रीय बैंक की अध्यक्षा क्रिस्टीना लेगार्ड को दूसरा, अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को तीसरा व यूरोपियन आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन को चौथा स्थान प्रदान किया गया है।

**सूची में शामिल भारतीय महिलाएं:-**

| महिला | स्थान |
|---|---|
| ♦ निर्मला सीतारमण (वित्तमंत्री) | 41 |
| ♦ नडार मल्होत्रा (एचसीएल की सीईओ) | 55 |
| ♦ किरण मजूमदार शॉ (बायोकॉन की संस्थापक) | 68 |

# चर्चित स्थान

## किलाऊआ ज्वालामुखी

किलाऊआ, जिसे माउंट किलाऊआ (हवाई में 'अधिक फैलाने वाला') भी कहा जाता है, संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई द्वीप के दक्षिण-पूर्वी भाग पर हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। किलाऊआ के पश्चिमी और उत्तरी ढलान इसके पास के ज्वालामुखी मौनालोआ के साथ विलय होते हैं। इसे विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में स्थान प्राप्त है तथा इसका आकार गुंबद के समान है।

**चर्चा में क्यों:-** हवाई के बिग आईलैंड के किलाऊआ ज्वालामुखी में दिसम्बर, 2020 में विस्फोट होने के कारण 4.4 तीव्रता का भूकंप आया।

# चर्चित व्यक्ति

## पर्सन ऑफ द ईयर

अमेरिका की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को संयुक्त रूप से वर्ष 2020 का 'पर्सन ऑफ द इयर' मनोनीत किया है।

**यह भी जानें:-** टाइम मैगजीन द्वारा किसी प्रभावशाली व्यक्ति अथवा संस्था को मनोनीत करने की शुरुआत वर्ष 1927 में की गई थी। शुरुआत में इसे 'मैन ऑफ द इयर' के रूप में जाना जाता था, हालांकि बाद में इसका नाम बदलकर 'पर्सन ऑफ द ईयर' कर दिया गया। यह सम्मान ऐसे किसी व्यक्ति, समूह, आंदोलन या विचार को दिया जाता है, जिसने किसी एक वर्ष में विशेष रूप से सबसे अधिक प्रभाव डाला हो, हालांकि यह आवश्यक नहीं है कि यह प्रभाव सकात्मक ही हो। वर्ष 2019 में युवा 'जलवायु परिवर्तन कार्यकर्त्ता' ग्रेटा थनबर्ग को 'पर्सन ऑफ द इयर' के रूप नामित किया गया था, जो कि यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की विजेता बनी थीं।

# नियुक्ति

## जो बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति

जो बाइडेन विश्व के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। अमेरिका में 46वें राष्ट्रपति के लिए 3 नवम्बर, 2020 को मतदान सम्पन्न हुआ था। इसमें 538 इलेक्टोरल कॉलेज में से जीत के लिए 270 इलेक्टोरल वोट की आवश्यकता थी। 17 नवम्बर को हुई मतगणना में डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन ने 290 इलेक्टोरल वोट हासिल कर प्रतिद्वन्द्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रम्प को हराया। जो बाइडेन अमेरिका के उपराष्ट्रपति रह चुके हैं।

**कमला हैरिस:-** उपराष्ट्रपति पद के लिए सम्पन्न चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस ने जीत हासिल की। कमला हैरिस के पिता ब्रिटिश जमैका तथा माता तमिलनाडु से थीं।

**यह भी जानें:-** अमेरिका में द्विदलीय प्रणाली है। यहां राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है।

### विदिशा मैत्रा

भारतीय राजनायिक विदिशा मैत्रा को संयुक्त राष्ट्र प्रशासनिक और बजटीय प्रश्न की सलाहकार समिति के लिए चुना गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जो 1 जनवरी, 2021 से शुरू होगा। एशिया-प्रशान्त देशों के समूह में विदिशा के साथ-साथ इराक के अली मोहम्मद फइक अल दबग भी उम्मीदवार थे। विदिशा को 126 वोट, जबकि अली मोहम्मद को 64 वोट प्राप्त हुए।

संयुक्त राष्ट्र प्रशासनिक और बजटीय प्रश्न की सलाहकार समिति का प्रमुख कार्य महासचिव द्वारा जमा कराए गए बजट का परीक्षण करना और उसे महासभा को रिपोर्ट करना है।

### गिरीश चन्द्र मुर्मू

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) गिरीश चन्द्र मुर्मू को जिनेवा स्थित अन्तर संसदीय संघ का बाह्य लेखा परीक्षक चुना गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

**यह भी जानें:**- अन्तर संसदीय संघ अलग-अलग देशों की संसदों का वैश्विक संगठन है, जिसकी शुरुआत 1889 में हुई थी। वर्तमान में इस संगठन में 179 सदस्य देश हैं। इस संगठन का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रशासन को बढ़ावा देना, जवाबदेही तय करना, सदस्य देशों के बीच तालमेल बिठाना है।

### दुआर्ते पचीको

पुर्तगाल के दुआर्ते पचीको को अन्तर संसदीय संघ का अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। उन्होंने इस पद पर मैक्सिको की गैब्रिएला क्यूवास बैराने का स्थान लिया है।

### प्रियंका राधाकृष्णन

भारतीय मूल की प्रियंका राधाकृष्णन ने 2 नवम्बर, 2020 को न्यूजीलैण्ड में मंत्री पद की शपथ ली। न्यूजीलैण्ड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने प्रियंका को सामुदायिक और स्वैच्छिक क्षेत्र मंत्री नियुक्त किया है। वे न्यूजीलैण्ड के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाली पहली भारतीय हैं।

### अनिल सोनी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भारतीय मूल के वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ अनिल सोनी को WHO फाउंडेशन का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। अनिल सोनी 01 जनवरी, 2021 से पदभार संभालेंगे।

**यह भी जानें:**- WHO के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने महामारी के दौर में वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए WHO फाउंडेशन के गठन की घोषणा की थी। अनिल सोनी इसके पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। WHO फाउंडेशन का प्राथमिक उद्देश्य आम जनता समेत वित्त के गैर-परंपरागत स्रोतों से वित्त एकत्रित करना है, ताकि महामारी के दौरान वित्तपोषण की कमी की समस्या को समाप्त किया जा सके। यह संस्था कानूनी तौर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन से अलग है और इसका मुख्यालय भी जिनेवा में स्थित है।

### ग्रेग बार्कले

न्यूजीलैंड क्रिकेट के निदेशक ग्रेग बार्कले को अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) का नया अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने इस पद पर शशांक मनोहर का स्थान लिया है, जिन्होंने जुलाई, 2020 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिनके बाद से इमरान ख्वाजा इस पर पर अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

## निधन

### खलीफा बिन सलमान अल खलीफा

बहरीन के प्रिंस खलीफा बिन सलमान अल खलीफा (84) का 11 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे दुनिया के अब तक सबसे लम्बे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने वर्ष 1971 में बहरीन की स्वतंत्रता के बाद देश के प्रधानमंत्री का पद संभाला था और वे मृत्युपर्यन्त इस पद पर रहे।

### डिएगो माराडोना

अर्जेन्टीना के फुटबाल खिलाड़ी डिएगो माराडोना (60) का 25 नवम्बर को निधन हो गया। वे अपने दो गोल के कारण चर्चा में रहे। ये दोनों गोल उन्होंने 1986 के वर्ल्ड कप में इंग्लैण्ड के खिलाफ किए थे। एक गोल को 'हैण्ड ऑफ गॉड' व दूसरे गोल को 'गोल ऑफ द सेंचुरी' कहा गया था।

## पुरस्कार

### बुकर पुरस्कार-2020

अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले बुकर पुरस्कार-2020 की घोषणा 19 नवम्बर को लंदन में की गई। इस वर्ष का यह पुरस्कार स्कॉटलैंड के लेखक डगलस स्टुअर्ट को उनके उपन्यास 'शुग्गी बैन' दिया जाएगा।

### IIFFB पुरस्कार

अमेरिका के बोस्टन में होने वाले इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (IIFFB)-2020 के पुरस्कारों की घोषणा नवम्बर, 2020 में की गई। वर्चुअल रूप से आयोजित फेस्टिवल में 15 भाषाओं की 110 से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

**पुरस्कार प्राप्तकर्ता:**-

- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड - ओमपुरी
- सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म - कांठी (मलयालम भाषा)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - विक्टर बैनर्जी
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री- शिलाजा अंबू (फिल्म कांठी के लिए)

## ■ एशियाई फिल्म पुरस्कार

एशियाई फिल्म अकादमी की ओर से 14वें एशियाई फिल्म पुरस्कारों की घोषणा 28 अक्टूबर, 2020 को की गई।

**पुरस्कार प्राप्तकर्ता :-**

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - पैरासाइट
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - वांग शियाशुआई (चीन की फिल्म सो लॉन्ग, माई सन)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - ली बाउंग हुन (दक्षिण कोरिया की फिल्म द मैन स्टैंडिंग नेक्स्ट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - झोऊ डांग्यू (चीन की फिल्म बेटर डेज)
- बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक - फिल्म गली ब्वॉय (निर्देशक जोया अख्तर)

## ■ यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड

जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने हेतु भारत के संगठन 'ग्लोबल हिमालयन एक्पीडिशन' को 27 अक्टूबर, 2020 को 'यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड-2020' से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल हिमालयन एक्पीडिशन दूर-दराज के गांवों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने का काम करता है।

## ■ अन्तरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार-2020

बांग्लादेश के सादत रहमान (17) को साइबर बाल अपराध को रोकने की दिशा में काम करने के लिए अन्तरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रहमान ने साइबर अपराध से पीड़ित किशोरों की मदद के लिए 'साइबर टीन्स' एप बनाया है। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार के लिए राजस्थान की दो बालिकाएं टोंक की वसुंधरा व जोधपुर की जशोदा भी नामांकित हुई थीं।

**यह भी जानें:-** अन्तरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार नीदरलैंड्स के अन्तरराष्ट्रीय बाल अधिकार संगठन 'किड्सराइट्स' द्वारा ऐसे बच्चों को दिया जाता है जो बाल अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं।

## ■ युवा गणितज्ञों का रामानुजन पुरस्कार-2020

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा युवा गणितज्ञों के लिए दिए जाने वाला रामानुजन पुरस्कार, 2020 रियो डी जनेरियो, ब्राजील के इंस्टीट्यूट फॉर प्योर एंड एप्लाइड मैथेमेटिक्स की गणितज्ञ डॉ. कैरोलिना अरुजो को प्रदान किया गया है। उन्हें बीजगणितीय ज्यामिति में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

**यह भी जानें:-** भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदत्त यह पुरस्कार वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। इसे मूल रूप से सैद्धांतिक भौतिकी के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नील्स हेनरिक एबेल मेमोरियल फंड और अंतरराष्ट्रीय गणितीय संघ द्वारा स्थापित किया गया था। एबेल फंड की भागीदारी वर्ष 2012 में समाप्त हो गई थी।

## ■ गीतांजलि राव

भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक गीतांजलि राव (15) को टाइम मैगजीन का पहला 'किड ऑफ द ईयर' नामित किया गया है। इस संबंध में घोषणा करते हुए टाइम मैगजीन ने कहा कि गीतांजलि राव ने 'दूषित पेयजल से लेकर ओपिओइड (नशीला पदार्थ) की लत और साइबरबुलिंग तक की समस्याओं से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग को सक्षम बनाया है। ध्यातव्य है कि गीतांजलि राव को 'किड ऑफ द ईयर' के लिए 5000 नामांकित बच्चों के समूह में से चुना गया है।

## ■ शेख मुजीबुर रहमान अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार

यूनेस्को ने बांग्लादेश के संस्थापक नेता एवं प्रथम राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर 'रचनात्मक अर्थव्यवस्था' के क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना करने का निर्णय किया है। नवम्बर 2021 से शुरू होने वाला 50 हजार डॉलर का यह पुरस्कार प्रत्येक दो वर्ष में एक बार रचनात्मक वैश्विक आर्थिक पहलों के क्षेत्र में प्रदान किया जाएगा। यूनेस्को के मुताबिक, यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार रचनात्मक उद्यमिता के विकास में सर्वोत्तम प्रयासों को मान्यता प्रदान करते हुए एक ज्ञान-साझाकरण तंत्र विकसित करेगा। ज्ञात हो कि यूनेस्को ने वर्ष 2021 को 'सतत् विकास के लिए रचनात्मक अर्थव्यवस्था का अंतरराष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया है।

## ■ यंग चैम्पियन्स ऑफ द अर्थ

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme- UNEP) द्वारा दिसम्बर, 2020 में 'यंग चैंपियंस ऑफ द अर्थ' की घोषणा की गई। यह पुरस्कार सात व्यक्तियों को दिया गया, जिनमें भारतीय उद्यमी विद्युत मोहन के साथ कुवैत की फतेहमा अल्जेला, ग्रीस के लेफतेरिस अरपाकिस, पेरू के मैक्स हिडाल्गो क्विंटो, संयुक्त राज्य अमेरिका के निरिया एलिसिया गार्सिया, केन्या के नजांबी मती तथा चीन के शियाओयुआन रेन शामिल हैं। यह पुरस्कार नए विचारों और नवोन्मेषी कदमों के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में काम करने वालों को दिया जाता है।

**यह भी जानें:**-यंग चौंपियंस ऑफ द अर्थ की शुरुआत वर्ष 2017 में की गई थी। इसका उद्देश्य 18 से 30 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है, जिनमें सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करने की क्षमता है।

**UNEP:**- यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है। इसकी स्थापना 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान हुई थी। इसका मुख्यालय नैरोबी (केन्या) में है। इस संगठन का उद्देश्य मानव द्वारा पर्यावरण को प्रभावित करने वाले सभी मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी का संग्रहण, मूल्यांकन एवं पारस्परिक सहयोग सुनिश्चित करना है।

## ■ संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार-2020

भारत की संस्था हेल्पएज इंडिया को संस्थागत श्रेणी में वर्ष 2020 के लिए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार प्रदान किया गया है। वहीं, यौन स्वास्थ्य पर काम करने और लैंगिक हिंसा को समाप्त करने के लिए भूटान की रानी मदर ग्याल्युम संगे चोडेन वांगचुक को व्यक्तिगत श्रेणी में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**यह भी जानें:**- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार के लिए गठित समिति प्रत्येक वर्ष जनसंख्या और प्रजनन स्वास्थ्य के मुद्दों तथा समाधानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए किसी व्यक्ति और/या संस्था को सम्मानित करती है। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी और इसे वर्ष 1983 में पहली बार प्रस्तुत किया गया था। इसमें एक स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र और नकद राशि शामिल है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

## ■ लीजन ऑफ मेरिट

संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों को 22 दिसम्बर, 2020 को 'लीजन ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। ये सभी चार देश वर्ष 2017 से क्वाड समूह को उपयोगी बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण हैं। क्वाड समूह इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व का मुकाबला करना है। भारतीय प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार 'भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने' में उनकी भूमिका के लिए दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को 'वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करने और सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देने' के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। जापानी प्रधानमंत्री को 'स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए नेतृत्व और दृष्टिकोण प्रदान करने' हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## ■ ग्लोबल टीचर प्राइज-2020

महाराष्ट्र के सोलापुर के प्राथमिक शिक्षक रणजीत सिंह डिसाले को 3 दिसम्बर, 2020 को 'ग्लोबल टीचर प्राइज 2020' प्रदान किया गया है। इसके तहत एक मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाती है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष एक ऐसे असाधारण शिक्षक को प्रदान किया जाता है जिसने अपने पेशे हेतु उत्कृष्ट योगदान दिया है। रणजीत सिंह को यह पुरस्कार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और भारत में पाठ्यपुस्तक में त्वरित प्रतिक्रिया कोड का इस्तेमाल शुरू करने के अनूठे प्रयासों के लिए दिया गया है।

## ■ संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार-202

व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) की ओर से 7 दिसम्बर, 2020 को जिनेवा में आयोजित समारोह में इन्वेस्ट इंडिया को 'संयुक्त राष्ट्र निवेश संवर्द्धन पुरस्कार 2020' प्रदन किया है। यह पुरस्कार विश्व की निवेश संवर्द्धन संस्थाओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों को रेखांकित करता है और उन्हें मान्यता प्रदान करता है। UNCTAD द्वारा यह पुरस्कार वर्ष 2002 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। भारत से पूर्व जर्मनी, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर आदि देश भी यह पुरस्कार जीत चुके हैं।

## चर्चित पुस्तकें

- **शुग्गी बैन** - डगलस स्टुअर्ट
- **बर्नट शुगर** - अवनी दोशी
- **ए प्रॉमिस्ड लैंड** - बराक ओबामा
- **थिंक लाइक ए मोंक** - जय शेट्टी
- **मि.प्राइम मिनिस्टर, वी श्रेंक द ड्रेगन** - प्रदीप गुहा
- **जुगलबंदी:** द बीजेपी बिफोर मोदी - विनय सीतापति
- **पोर्ट्रेट्स ऑफ पावर:** हाफ ए सेंचुरी ऑफ बीइंग एट रिंग साइड - एन.के. सिंह
- **ओह मिजोरम** - पी.एस. श्रीधरन पिल्लई
- **वाजपेयी: दि ईयर्स दैट चेंज्ड इंडिया**- शक्ति सिन्हा
- **आई एम नो मसीहा** -सोनू सूद और मीना के. अय्यर

## प्रमुख दिवस/सप्ताह/वर्ष

- 01 नवम्बर – विश्व शाकाहारी दिवस
- 05 नवम्बर – विश्व सुनामी जागरूकता दिवस
- 07 नवम्बर – राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस
- 08 नवम्बर – विश्व शहरीकरण दिवस
- 09 नवम्बर – राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस
- 10 नवम्बर – शांति एवं विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस
- 11 नवम्बर – राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
- 16 नवम्बर – राष्ट्रीय प्रेस दिवस, अन्तरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस
- 19 नवम्बर – विश्व शौचालय दिवस
- 25 नवम्बर – महिलाओं के खिलाफ अन्तरराष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस
- 26 नवम्बर – संविधान दिवस

### दिसम्बर

- 01 दिसम्बर – विश्व एड्स दिवस
- 02 दिसम्बर – विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस, राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस, अन्तरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस
- 03 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस
- 04 दिसम्बर – नौसेना दिवस
- 05 दिसम्बर – विश्व मृदा दिवस
- 06 दिसम्बर – नागरिक सुरक्षा दिवस
- 09 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस
- 10 दिसम्बर – मानवाधिकार दिवस
- 11 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय पर्वत दिवस
- 12 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय तटस्थता दिवस
- 14 दिसम्बर – राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस
- 18 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस
- 20 दिसम्बर – अन्तरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस
- 23 दिसम्बर – राष्ट्रीय किसान दिवस
- 25 दिसम्बर – राष्ट्रीय सुशासन दिवस



# 2 राष्ट्रीय घटनाक्रम

## ■ गंगा उत्सव-2020

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने वर्चुअल प्लेटफार्म पर तीन दिवसीय 'गंगा उत्सव-2020' का आयोजन 2 से 4 नवम्बर, 2020 को किया। गंगा उत्सव गंगा नदी की महिमा का जश्न मनाने के लिए एक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आयोजन है। उल्लेखनीय है कि 4 नवम्बर, 2018 को गंगा को 'राष्ट्रीय नदी' घोषित किया गया है।

## ■ नीतिश कुमार 7वीं बार बिहार के सीए

बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने 16 नवम्बर, 2020 को जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतिश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। नीतिश 7वीं बार बिहार के सीएम बने हैं। उल्लेखनीय है कि 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए अक्टूबर-नवम्बर, 2020 में हुए मतदान के बाद 10 नवम्बर को मतगणना हुई थी।

## ■ पीठासीन अधिकारियों का 80वां सम्मेलन

80वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का शिखर सम्मेलन 25-26 नवम्बर, 2020 को गुजरात के केवडियास में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। सम्मेलन की थीम 'विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सामंजस्यपूर्ण समन्वयः एक जीवंत लोकतंत्र की कुंजी है' थी।

**यह भी जानें:**- सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 1921 में हुई थी और इस वर्ष इसका शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है।

## ■ WEF वैश्विक स्मार्ट सिटी रोडमैप में भारत के 4 शहर

विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा नई तकनीकों को सुरक्षित तरीके से अपनाने के लिए बेहतरीन रोडमैप तैयार करने वाले 36 वैश्विक शहरों की सूची में भारत के 4 शहरों का चयन किया गया है। सूची में शामिल भारतीय राज्य 'जी-20 ग्लोबल स्मार्ट सिटीज एलायंस' के एक भाग के तौर पर शुरू की जा रही इस पहल में चुने गए ये चार शहर हैं- बेंगलूरु, फरीदाबाद, इंदौर व हैदराबाद।

WEF की ओर से 17 नवम्बर, 2020 को बताया गया कि उसने 22 देशों व 6 उप महाद्वीपों के कुल 36 शहरों का चयन किया है, जो जी-20 ग्लोबल स्मार्ट सिटीज एलायंस द्वारा विकसित स्मार्ट सिटी के लिए एक नई नीति रोडमैप की अगुवाई कर रहे हैं।

## ■ टेलीविजन रेंटिंग एजेंसियों के लिए समिति

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 2014 में मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 'भारत में टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों पर दिशा-निर्देश' की समीक्षा के लिए 4 नवम्बर, 2020 को प्रसार भारती के सीईओ शशि शेखर वेम्पति की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है। यह समिति दो माह के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी।

## ■ लुहरी जल विद्युत परियोजना

'लुहरी जल विद्युत परियोजना' हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और शिमला जिलों में सतलुज नदी पर विकसित की जा रही है। इसकी क्षमता 210 मेगावाट है।

**चर्चा में क्यों:**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 4 नवम्बर, 2020 को इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए 1810.56 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## ■ दो नए रामसर स्थल

भारत के दो और आर्द्रभूमि क्षेत्रों महाराष्ट्र की लोनार झील व उत्तरप्रदेश के आगरा स्थित सूरसरोवर को 11 नवम्बर, 2020 को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया। इससे पूर्व बिहार के बेगूसराय स्थित काबरताल को अन्तरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता दी गई थी। उक्त तीनों स्थलों को मिलाकर भारत में अब रामसर स्थलों की संख्या 41 हो गई है, जो दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है।

## ■ नए संसद भवन का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 दिसम्बर, 2020 को देश के नए संसद भवन का शिलान्यास किया। वर्तमान संसद भवन के नजदीक बनाए जाने वाले नए संसद भवन का निर्माण वर्ष 2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। इस भवन पर 971 करोड़ रुपए की लागत अनुमानित है। नया संसद भवन कुल 64,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तृत होगा। इस नवीन संरचना में लोकसभा के 888 सांसदों और राज्यसभा के 384 सांसदों के बैठने के लिए व्यवस्था होगी। इस भवन के वास्तुकार विमल पटेल हैं और इसका निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

## भारत के शीर्ष 10 पुलिस स्टेशन

गृह मंत्रालय ने वर्ष 2020 के लिए दिसम्बर, 2020 में भारत के शीर्ष 10 पुलिस स्टेशनों की सूची जारी की। यह रैंकिंग डेटा विश्लेषण, प्रत्यक्ष अवलोकन और सार्वजनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से देश के 16,671 पुलिस स्टेशनों में से शीर्ष 10 पुलिस स्टेशनों को प्रदान की गई।

**ये रहे प्रदर्शन मानक:-** संपत्ति से संबंधित अपराध, महिलाओं के खिलाफ अपराध और समाज के कमजोर वर्ग आदि। साथ ही इस वर्ष लापता व्यक्ति, अज्ञात व्यक्ति और अज्ञात शव को भी शामिल किया गया।

**शीर्ष 3 पुलिस स्टेशन:**

1. मणिपुर के थौबल जिले के नोंगपोक सीकमाई पुलिस स्टेशन
2. तमिलनाडु के सलेम शहर का AWPS - सुरमंगलम पुलिस स्टेशन
3. अरुणाचल प्रदेश के चंगलांग जिले का खरसांग स्टेशन

## SSA गतिविधियों के लिए केन्द्र

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा देश की 'स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस' (SSA) गतिविधियों के लिए बेंगलूरु में एक समर्पित नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष संपदा की निगरानी, ट्रैकिंग और सुरक्षा करना है। यह केंद्र भारत में सभी 'स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस' गतिविधियों के केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

**यह भी जानें:-** स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस, विज्ञान की एक विशिष्ट शाखा है, जो कि अंतरिक्ष में पृथ्वी के आस-पास मौजूद मानव निर्मित अथवा प्राकृतिक निकायों की भौतिक स्थिति को ट्रैक करने, उन्हें समझने और उनका अनुमान लगाने की क्षमता को संदर्भित करती है। इसका प्राथमिक उद्देश्य दो या दो से अधिक मानव निर्मित/प्राकृतिक निकायों के बीच टकराव को रोकना है।

## हाइपरसोनिक विंड टनल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 19 दिसम्बर, 2020 में हैदराबाद में 'हाइपरसोनिक विंड टनल' (HWT) परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। अमेरिका और रूस के बाद भारत इस तरह की उन्नत तकनीक वाला तीसरा देश बन गया है। यह प्रेशर वैक्यूम संचालित एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जो कि मैक 5 से मैक 12 का अनुकरण कर सकती है। मैक, वायु में ध्वनि की गति की तुलना में विमान की गति को बताता है, जिसमें मैक-1 ध्वनि की गति के बराबर होता है यानी प्रति सेकेंड 343 मीटर। इस तरह मैक 5 का अर्थ है ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक और मैक 12 का अर्थ है ध्वनि की गति से 12 गुना अधिक। हाइपरसोनिक प्रवाह के अनुकरण की क्षमता वाली यह प्रणाली भविष्य में अत्यधिक जटिल एयरोस्पेस और रक्षा प्रणालियों के कार्यान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

## भारत की पहली ड्राइवर रहित मेट्रो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 दिसंबर, 2020 को दिल्ली में देश की पहली ड्राइवर-रहित मेट्रो रेल का उद्घाटन किया है। इसका संचालन दिल्ली मेट्रो की 38 किलोमीटर लंबी लाइन-8 यानी मैजेंटा लाइन पर किया जाएगा। नई प्रणाली के तहत मेट्रो रेल को 'दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन' के तीन कमांड सेंटरों से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के नियंत्रित किया जा सकता है। इसके तहत मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता केवल रेल हार्डवेयर को बदलने के समय ही होगी।

## मिशन सागर-3

मिशन सागर-III के अंतर्गत भारतीय नौसेना का पोत 'किल्टन' 29 दिसम्बर, 2020 को 'कंबोडिया के सिहानोकविले' बंदरगाह पर पहुंचा। भारतीय नौसैनिक जहाज कंबोडिया के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 15 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री लेकर पहुंचा।

## विश्व धरोहर की सूची में ग्वालियर और ओरछा

मध्य प्रदेश के ग्वालियर और ओरछा को यूनेस्को ने अपने 'अर्बन लैंडस्केप सिटी प्रोग्राम' के तहत 'विश्व धरोहर शहरों की सूची' में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि 9वीं शताब्दी में स्थापित और गुर्जर प्रतिहार, तोमर एवं सिंधिया जैसे राजवंशों द्वारा शासित ग्वालियर अपने मंदिरों और महलों के लिए काफी प्रसिद्ध है, जिसमें जटिल नक्काशीदार सास-बहू मंदिर भी शामिल है। 16वीं शताब्दी में बुंदेला साम्राज्य की राजधानी ओरछा भी अपने मंदिरों और महलों के लिए काफी लोकप्रिय है। ओरछा के प्रमुख स्थलों में राज महल, जहाँगीर महल, रामराजा मंदिर, राय प्रवीण महल और लक्ष्मीनारायण मंदिर आदि शामिल हैं।

## 12वां गृह शिखर सम्मेलन

12वें 'गृह' (Green Rating for Integrated Habitat Assessment- GRIHA) शिखर सम्मेलन का वर्चुअल आयोजन 15-16 दिसम्बर, 2020 को किया गया। सम्मेलन की विषय-वस्तु/थीम 'कायाकल्प करने वाली लचीली आदतें' रही। इस सम्मेलन का उद्देश्य नवीन प्रौद्योगिकियों और समाधानों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में काम करना था। इस प्रकार यह पूरे समुदाय के लाभ हेतु स्थायी एवं अनुकूल समाधान विकसित करने के लिए एक मजबूत तंत्र के निर्माण में मदद करेगा।

**गृहः**-यह किसी भी संपूर्ण भवन निर्माण के लिए भारत की राष्ट्रीय रेटिंग प्रणाली है। गृह को भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में प्रस्तुत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित स्वैच्छिक योगदान में भारत की स्वयं की ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग प्रणाली के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

## पीएम-वाणी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देशभर में ब्रॉडबैंड इंटरनेट के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए 'प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस' (Prime Minister WiFi Access Network Interfac) या 'प्रधानमंत्री वाणी' (PM-WANI) योजना को 9 दिसम्बर, 2020 को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना का लक्ष्य देशभर में इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल पहुंच में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर वाई-फाई हॉटस्पॉट की स्थापना करना है। इसके तहत स्थानीय किराना और निकटवर्ती दुकानों द्वारा 'सार्वजनिक डेटा कार्यालयों' के माध्यम से वाई-फाई नेटवर्क या एक्सेस प्वॉइंट की स्थापना की जाएगी।

## चक्रवात बुरेवी

चक्रवात 'बुरेवी' ने दिसम्बर, 2020 के पहले सप्ताह में तमिलनाडु व केरल में जनजीवन को कुछ प्रभावित किया। यह कम तीव्रता वाला उष्णकटिबंधीय चक्रवात था। इसका बुरेवी नामकरण मालदीव द्वारा किया गया।

## कैच द रेन

राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय ने दिसम्बर, 2020 में नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के सहयोग से 'कैच द रेन' जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य सभी स्थितियों के आधार पर जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल बारिश के पानी को संग्रहीत करने के लिए वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण करना है।

## गैर कानूनी धर्मांतरण पर यूपी सरकार का अध्यादेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गैर-कानूनी धर्मांतरण की समस्या से निपटने के लिए 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म पविर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020' जारी किया गया है। इसके तहत विवाह के लिए धर्मांतरण को गैर-जमानती अपराध घोषित करते हुए कारावास के साथ आर्थिक दंड का भी प्रावधान किया गया है।

**प्रमुख बिंदुः-**

1. विवाह के लिए धर्मांतरण को गैर-जमानती अपराध घोषित कर दिया गया है तथा इसके तहत प्रतिवादी को यह प्रमाणित करना होगा कि धर्मांतरण विवाह के उद्देश्य से नहीं किया गया था।
2. किसी भी व्यक्ति को धर्मांतरण के लिए दो माह पूर्व जिला मजिस्ट्रेट को एक नोटिस देना होगा।
3. महिला द्वारा केवल विवाह के उद्देश्य से ही धर्म परिवर्तन किया जाता है, तो ऐसे विवाह को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।
4. अध्यादेश के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में आरोपी को न्यूनतम एक वर्ष के कारावास का दंड दिया जा सकता है, जिसे पाँच वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपए के जुर्माने तक बढ़ाया जा सकता है।
5. यदि किसी नाबालिक, महिला अथवा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित व्यक्ति का गैर-कानूनी तरीके से धर्मांतरण कराया जाता है तो ऐसे मामलों में कम-से-कम तीन वर्ष के कारावास का दंड दिया जा सकता है, जिसे 25,000 रुपए के जुर्माने के साथ 10 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
6. सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में कम-से-कम तीन वर्ष के कारावास का दंड दिया जा सकता है, जिसे 50,000 रुपए के जुर्माने के साथ 10 वर्ज़ तक बढ़ाया जा सकता है।

# चर्चित स्थान

## विजयनगर

विजयनगर अब कर्नाटक का नया जिला होगा। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने वेल्लारी जिले से अलग कर विजयनगर को नया जिला बनाने की दशकों पुरानी मांग को मंजूरी प्रदान की है।

## त्यो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र

भारत ने लद्दाख के त्यो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र को अपने 42वें रामसर स्थल के रूप में शामिल किया है। इसे यह दर्जा

आर्द्रभूमियों पर अंतरराष्ट्रीय रामसर कन्वेंशन द्वारा प्रदान किया गया है। इससे पहले महाराष्ट्र में लोनार झील और आगरा में सूर सरोवर (जिसे केथम झील भी कहा जाता है) को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था।

**रामसर साइटः-** आर्द्रभूमियों पर रामसर कन्वेंशन को वर्ष 1971 में ईरानी शहर जो कि रामसर में कैस्पियन सागर के दक्षिणी किनारे पर स्थित है, में अपनाया गया। यह एक अंतर-सरकारी संधि है। भारत द्वारा इसे 1 फरवरी, 1982 में लागू किया गया। इस कन्वेंशन का उद्देश्य विश्व में सतत विकास की दिशा में योगदान देते हुए स्थानीय और राष्ट्रीय कार्यों तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से सभी आर्द्रभूमियों का संरक्षण व उपयोग करना है।

**मोंट्रेक्स रिकॉर्डः-** उन आर्द्रभूमि स्थलों की सूची, जो अंतरराष्ट्रीय महत्त्व के हैं जहां के पारिस्थितिकी में चरित्र में परिवर्तन हुए हैं, हो रहे हैं, या तकनीकी विकास, प्रदूषण या अन्य मानव हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप परिवर्तन होने की संभावना है। यह रामसर सूची के भाग के रूप में शामिल है। वर्तमान में भारत के दो आर्द्रभूमियों को मोंट्रेक्स रिकॉर्ड में शामिल किया गया हैं- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान) व लोकटक झील (मणिपुर)।

## नियुक्तियां

### ■ यशवर्धन कुमार सिन्हा नए सीआईसी

केन्द्र सरकार ने यशवर्धन कुमार सिन्हा को नया मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) नियुक्त किया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 7 नवम्बर, 2020 को उन्हें शपथ दिलाई। उन्होंने इस पद पर विमल जुल्का का स्थान लिया है जिनका कार्यकाल 26 अगस्त, 2020 को पूर्ण हुआ था। बतौर सीआईसी सिन्हा का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

**यह भी जानेंः**-12 अक्टूबर, 2005 को केन्द्रीय सूचना आयोग का गठन किया गया था। सीआईसी व अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। समिति के अन्य दो सदस्य लोकसभा में विपक्ष का नेता और गृहमंत्री होते हैं। सीआईसी व अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पांच वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो पहले हो, के लिए की जाती है।

### ■ क्रिस गोपालकृष्णन

क्रिस गोपालकृष्णन को 17 नवम्बर, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक के 'रिजर्व बैंक इनोवेशन हब' का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह हब कुशल बैंकिंग सेवाएं, गहन वित्तीय समावेशन, उपभोक्ता संरक्षण का मजबूतीकरण तथा आपातकाल में व्यापार निरन्तरता के उद्देश्यों को हासिल करने में सहायता करेगा। यह वित्त क्षेत्रों में नवीन तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने तथा नई क्षमताओं के लिए एक केन्द्र के रूप में काम करेगा।

### ■ ज्ञानेन्द्रो निंगोम्बम

मणिपुर निवासी ज्ञानेन्द्रो निंगोम्बम को 6 नवम्बर, 2020 को निर्विरोध रूप से हॉकी इण्डिया का नया अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। ज्ञानेन्द्रो 7 जुलाई, 2020 को पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद के त्यागपत्र देने के बाद से कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे।

## निधन

### ■ अहमद पटेल

कांग्रेस के प्रमुख नेता अहमद पटेल (71) का 25 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे तीन बार लोकसभा चुनाव जीते तथा 5 बार राज्यसभा सदस्य रहे।

### ■ तरुण गोगोई

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई (84) का 23 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे वर्ष 2001 से 2016 तक असम के मुख्यमंत्री रहे।

### ■ मृदुला सिन्हा

गोवा की पूर्व राज्यपाल, साहित्यकार एवं भाजपा नेता मृदुला सिन्हा (77) का 18 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे गोवा की पहली महिला राज्यपाल (अगस्त 2014 से अक्टूबर 2019 तक) थीं।

### ■ संचमन लिम्बू

सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री संचमन लिम्बू (73) का 8 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे सिक्किम संग्राम परिषद पार्टी से 17 जून 1994 से 12 दिसम्बर 1994 तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे।

### ■ केशुभाई पटेल

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल (92) का 29 अक्टूबर, 2020 को निधन हो गया। वे 14 मार्च 1995 से 21 अक्टूबर 1995 तक तथा 4 मार्च 1998 से 6 अक्टूबर 2001 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे।

### ■ उस्ताद इकबाल अहद खान

दिल्ली घराने के खलीफा उस्ताद इकबाल अहमद खान (66) का 17 दिसम्बर, 2020 को निधन हो गया। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत के पुनर्जागरण के उद्देश्य से दिल्ली दरबार की स्थापना की, जिसमें वर्ष 2019 में पहला शास्त्रीय संगीत आयोजित किया गया।

### ■ बन्ननजे गोविंदाचार्य

संस्कृत के प्रख्यात विद्वान विद्यावाचस्पति बन्ननजे गोविंदाचार्य (84) का 13 दिसम्बर, 2020 को निधन हो गया है। 'माधव' विचारधारा के प्रचारक और बेहतरीन वक्ता गोविंदाचार्य को वर्ष 2009 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे वर्ष 1979 में अमेरिका के प्रिंसटन में धर्म और शांति पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन में भारत के ब्रांड एंबेसडर थे।

### ■ अस्ताद देबू

कथक और कथकली को मिलाकर नई शैली पेश करने वाले नर्तक अस्ताद देबू (73) का 10 दिसम्बर, 2020 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा वर्ष 2007 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## पुरस्कार

### ■ बाघ संरक्षण के लिए पुरस्कार

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने चार वर्ष (2014-18) में बाघों की संख्या को दोगुना करने के लिए TX2 अवार्ड जीता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ-साथ भारत और भूटान की सीमा पर स्थित ट्रांसबाउंडरी मानस संरक्षण क्षेत्र ने भी इस दिशा में अपने प्रयासों के लिए कंजर्वेशन एक्सीलेंस अवार्ड जीता है।

**यह भी जानें:-** वर्ष 2010 में शुरू हुए ये दोनों पुरस्कार टाइगर रेंज कंट्रीज में किसी भी ऐसी साइट को दिया जाता है, जिसने वर्ष 2010 के बाद बाघ संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। यहां साइट से अभिप्राय बाघ आबादी वाले ऐसे क्षेत्र से है, जिसे कानूनी रूप से देश की सरकार द्वारा नामित किया गया हो। इन पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 23 नवम्बर, 2020 को वैश्विक TX2 लक्ष्यों की 10वीं वर्षगाँठ के अवसर पर की गई है।

**कंजर्वेशन एक्सीलेंस अवार्ड:-** यह पुरस्कार किसी ऐसी 'साइट' को प्रदान किया जाता है, जिसने निम्नलिखित पांच विषयों में से दो या उससे अधिक में उत्कृष्टता हासिल की हो:- 1. बाघ और उसके द्वारा शिकार किए जाने वाले जानवरों की आबादी की निगरानी करने और इस संबंध में अनुसंधान, 2. 'साइट' का प्रभावी प्रबंधन, 3. उन्नत कानून प्रवर्तन तथा संरक्षण और वनपालकों के कल्याण में सुधार, 4. समुदाय आधारित संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी, 5. पर्यावास और बाघों द्वारा द्वारा शिकार किए जाने वाले जानवरों का प्रबंधन।

### ■ आदित्य विक्रम बिड़ला कलाशिखर पुरस्कार

अभिनेता नसीरुद्दीन शाह को वर्ष 2020 के 'आदित्य विक्रम बिड़ला कलाशिखर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। साथ ही नाट्यशास्त्र के उभरते सितारों नील चौधरी और इरावती कार्णिक को 'आदित्य विक्रम बिड़ला कलाकिरण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### ■ राष्ट्रीय जल पुरस्कार

उप राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने 11 नवम्बर, 2020 को वीसी के जरिए वर्ष 2019 के (दूसरे) 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार' प्रदान किए। इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्ति/संगठन को प्रोत्साहन प्रदान करना है जो जल संसाधन, संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय काम कर रहे हैं।

**सर्वश्रेष्ठ राज्य:-** तमिलनाडु को प्रथम, महाराष्ट्र को द्वितीय व राजस्थान को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ जिला:-** उत्तर में अयोध्या व अलमोड़ा को, दक्षिण में वेल्लोर व वाईएसआर कडप्पा को, पश्चिम में सांगली व कच्छ को, पूर्व में बिलासपुर व सूरजपुर को, पूर्वोत्तर में पश्चिम त्रिपुरा को और आकांक्षी जिले की श्रेणी में खंदाना व विजयनगरम को पुरस्कृत किया गया।

### ■ मत्स्य पुरस्कार

मत्स्य पालन विभाग की ओर से 21 नवम्बर, 2020 को पहले मत्स्य पुरस्कारों का वितरण किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य:-**

- सर्वश्रेष्ठ समुद्री राज्य - ओडिशा
- सर्वश्रेष्ठ अन्तर्देशीय राज्य - उत्तर प्रदेश
- सर्वश्रेष्ठ पहाड़ी व पूर्वोत्तर राज्य - असम

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले :-**

- सर्वश्रेष्ठ समुद्री राज्य - कृष्णा (आन्ध्रप्रदेश)
- सर्वश्रेष्ठ अन्तर्देशीय राज्य - कालाहांडी (ओडिशा)
- सर्वश्रेष्ठ पहाड़ी व पूर्वोत्तर राज्य - नागांव (असम)

# 3 राजस्थान घटनाक्रम

## ‘वात्सल्य’ एवं ‘समर्थ’ योजना लॉन्च

प्रदेश में 14-20 नवम्बर, 2020 के बीच बाल अधिकार सप्ताह मनाया गया। इस दौरान 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए ‘वात्सल्य’ एवं ‘समर्थ’ योजना लॉन्च की।

**वात्सल्य योजना:-** इस योजना के तहत बाल देख-रेख संस्थाओं में रहने वाले बच्चों को वैकल्पिक परिवार आधारित देख-रेख सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बच्चे का पालन पोषण एवं देखभाल करने वाले माता-पिता को एक निश्चित अवधि के लिए प्रतिमाह दो हजार रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे।

**समर्थ योजना:-** इस योजना के तहत संस्थागत देख-रेख से बाहर निकलने वाले बच्चों को व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के साथ ऋण एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने वाले बच्चों के लिए समर्थ योजना शुरू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।

## इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 नवम्बर, 2020 को इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना-2020 का शुभारम्भ किया। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं तीन वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण प्रदान करना है। अभी यह योजना मातृ एवं शिशु पोषण में पिछड़े चार जिलों उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ में शुरू की गई है। भविष्य में इसे चरणबद्ध रूप से राज्यभर में शुरू किया जाएगा। योजना से प्रतिवर्ष करीब 77 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी।

## स्टैच्यू ऑफ पीस

जैन आचार्य श्री विजय वल्लभ सूरीश्वर की 151वीं जयंती के अवसर पर पाली जिले के जैतपुरा स्थित विजय वल्लभ साधना केन्द्र में 151 इंच ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 नवम्बर, 2020 को वर्चुअल रूप से प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसे ‘स्टैच्यू ऑफ पीस’ नाम दिया गया है।

## ईसरदा बांध पेयजल आपूर्ति परियोजना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस परियोजना की बढ़ी हुई लागत को 4 नवम्बर, 2020 को मंजूरी प्रदान की है। दौसा तथा सवाई माधोपुर जिले के 5 कस्बों के 1244 गांवों को पेयजल आपूर्ति के लिए राज्य बजट 2019-20 में ईसरदा बांध पेयजल आपूर्ति परियोजना की घोषणा की गई थी।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 नवम्बर, 2020 को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का वीसी के जरिए लोकार्पण किया। इस संस्थान में 14 विभाग हैं तथा 54 विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन करता है।

## 8 जिलों में लागू होगी ‘वन धन विकास योजना’

केन्द्र द्वारा प्रायोजित ‘वन धन विकास योजना’ को ट्राइफेड (Tribal Co-oprative Marketing Devlopment Federation of India-TRIFD) के माध्यम से राज्य के जनजाति उपयोजना, सहरिया तथा माडा क्षेत्र के आठ जिलों में लागू किया जाएगा।

**इन जिलों में होगी लागू:**-उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, प्रतापगढ़, कोटा, बारां और झालावाड़।

**यह भी जानें:**-जन धन विकास योजना केन्द्र सरकार द्वारा 14 अप्रेल, 2018 से शुरू की गई थी। योजना के अन्तर्गत ट्राइफेड गौण वनोत्पाद आधारित बहुउद्देश्यीय वन धन विकास केन्द्र स्थापित करने में सहायता करती है। यह 10 स्वयंसेवी समूहों का केन्द्र होता है, जिसमें जनजातीय क्षेत्रों में गौण वनोत्पाद को एकत्र करने वाले लोग शामिल होते हैं।

## PMAYG में राजस्थान शीर्ष पर

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 16 दिसम्बर, 2020 को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (PMAYG) के क्रियान्वयन की जिलावार रैंकिंग जारी की गई। रैंकिंग में राजस्थान के राजसमंद को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं, बूंदी को 12वां, दौसा को 13वां, डूंगरपुर को 16वां तथा सवाई माधोपुर को 24वां स्थान दिया गया है।

**PMAYG:-** 1 अप्रेल, 2016 से देश के 669 जिलों में शुरू की गई थी। इसके तहत वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है।

## नियुक्ति/निर्वाचन

### ■ निरंजन कुमार आर्य

निरंजन कुमार आर्य को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने 1 नवम्बर, 2020 को इस पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने इस पद पर राजीव स्वरूप का स्थान लिया है जो 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए थे।

### ■ एम.एल.लाठर

एम.एल.लाठर ने 4 नवम्बर, 2020 महानिदेशक पुलिस का कार्यभार संभाला है। लाठर 1987 के बैच के आईपीएस हैं।

### ■ डी.बी.गुप्ता

पूर्व मुख्य सचिव देवेन्द्र भूषण गुप्ता को 4 दिसम्बर, 2020 को राजस्थान का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। उन्होंने 11 दिसम्बर, 2020 को पदभार ग्रहण किया। गुप्ता ने इस पद पर सेवानिवृत्त हुए सुरेश चौधरी का स्थान लिया है। इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।

**नारायण बारेठ तथा शीतल धनकड़ः**- राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुख्य सूचना आयुक्त गुप्ता की नियुक्ति के साथ-साथ नारायण बारेठ तथा शीतल धनकड़ को सूचना आयुक्त नियुक्त करने को भी मंजूरी प्रदान की है।

**यह भी जानेंः**-राजस्थान राज्य सूचना आयोग का गठन 18 अप्रेल, 2006 को किया गया था। मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो पहले पूरी हो के लिए होता है। अब तक एम.डी. कोरानी, टी. श्रीनिवास और सुरेश चौधरी इस पद पर रह चुके हैं। डी.बी. गुप्ता राज्य के चौथे मुख्य सूचना आयुक्त हैं।

## निधन

### ■ अर्जुन प्रजापति

जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री अर्जुन प्रजापति (64) का 12 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। उनके द्वारा बनवाया गया 'माटी मानस' राजस्थान का पहला मूर्ति शिल्प संग्रहालय है।

### ■ मास्टर भंवरलाल मेघवाल

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल (72) का 16 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे चूरू की सुजानगढ़ सीट से विधायक थे।

### ■ माणिक चंद सुराणा

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री माणिक चंद सुराणा (90) का 25 नवम्बर को निधन हो गया। वे वर्ष 1977 से 1980 तक भैरोंसिंह शेखावत सरकार में वित्त मंत्री रहे, साथ ही राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष भी रहे थे।

### ■ किरण माहेश्वरी

राजसमंद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी का 29 नवम्बर, 2020 को निधन हो गया। वे राजसमंद से तीन बार विधायक रहीं। साथ ही उदयपुर सीट से सांसद भी रहीं।

## पुरस्कार

### ■ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण - प्रदेश को पुरस्कार

'स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राजस्थान' को देश में सामुदायिक शौचालय निर्माण में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से नवम्बर, 2020 में वर्चुअल रूप से आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिया गया।

राज्य को यह पुरस्कार गरीब कल्याण रोजगार योजना के अन्तर्गत लॉकडाउन के दौरान वापस आए प्रवासी राजस्थानियों के लिए रोजगार एवं स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई योजना के अंतर्गत 5537 के लक्ष्यों के विरुद्ध 70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए दिया गया।

**यह भी जानेंः**- पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से राज्य में 'सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान' वर्ष 1999-2000 में केवल 4 जिलों में शुरू किया गया था। वर्ष 2005-06 से इसे सभी जिलों में क्रियान्वित किया गया। 1 अप्रेल, 2012 में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का नाम 'निर्मल भारत अभियान' कर दिया गया। इसके बाद 2 अक्टूबर, 2014 में इसका नाम बदलकर 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' किया गया।

### ■ राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2019

जल संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजस्थान को 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2019' के तहत सामान्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया है। जल संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गत करीब 15 माह में राजस्थान ने 7वीं बार बड़ा पुरस्कार प्राप्त किया है।

# 4 राजस्थान सुजस सार

- मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत 709 दवाएं शामिल हैं।
- नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 का लाभ आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को मिल सके, इसलिए राज्य में अभिभावकों की आय सीमा एक लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपए की गई है।
- वृद्धावस्था पेंशन से वंचित लघु एवं सीमान्त किसानों के लिए 'राजस्थान सामाजिक सुरक्षा एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन नियम, 2019' जारी किए गए। इसके तहत 2.79 लाख पात्र किसानों को लाभ मिल रहा है।
- राजस्थान में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और प्रदेश को निवेश के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2019, पर्यटन नीति 2020, राजस्थान औद्योगिक विकास नीति 2020, राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 जारी की गई है।
- राज्य में वर्ष 2020-21 में मनरेगा के तहत कुल 37 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य है। अभी तक 27.12 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं।
- मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना 1 फरवरी, 2019 से लागू की गई।
- प्रदेश के 51000 पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ा गया है।
- राज्य का 14वां पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र झुन्झुनूं में शुरू किया गया है।
- मुख्यमंत्री युवा संबल योजना 1 फरवरी, 2019 से लागू की गई।
- गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को उचित पोषण देने के उद्देश्य से 19 नवम्बर, 2020 से प्रदेश के चार जनजातीय जिलों प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा व उदयपुर में इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना लागू की गई। इसके तहत दूसरी संतान के जन्म पर लाभार्थियों को 5 चरणों में 6000 रुपए का नकद लाभ दिया जा रहा है।
- आयुष्मान भारत-महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ प्रदेश में 1 सितम्बर, 2019 को किया गया।
- प्रदेश में 22 जुलाई, 2019 से खसरा-रूबेला अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 9 माह से 15 वर्ष तक की आयु के लगभग 1.91 करोड़ बच्चों को टीके लगाए गए हैं।
- जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 2018 से अक्टूबर, 2020 तक 19.56 लाख प्रसूताओं को लाभान्वित किया गया है।
- संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा 18 अगस्त, 2020 को 'देववाणी एप' का शुभारंभ किया गया।
- राजस्थान जन आधार योजना का शुभारंभ 18 दिसम्बर, 2019 को किया गया। प्रदेश में 30 नवम्बर, 2020 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में चयनित परिवारों के 100 लाख से अधिक जन आधार कार्ड मुद्रित किए जा चुके हैं।
- राजस्थान सिलिकोसिस नीति 3 अक्टूबर, 2019 से लागू की गई।
- प्रदेश में 18 दिसम्बर, 2019 को नवीन सौर ऊर्जा एवं पवन एवं हाइब्रिड ऊर्जा नीति जारी की गई।
- इंदिरा रसोई योजना का शुभारंभ 20 अगस्त, 2020 को किया गया।
- जन सूचना पोर्टल का शुभारंभ 13 सितम्बर, 2019 को किया गया। इसके तहत 54 विभागों की 94 योजनाओं की 261 प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं।
- देश में बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (डीआरआईपी-डेम रिहेबिलेशन एंड इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट) में 18 राज्यों को शामिल किया गया है। इनमें राजस्थान को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।
- **बोटयूलिज्म:**-पिछले वर्ष सांभर झील में बोटयूलिज्म नामक बीमारी से हजारों पक्षियों की मौत हो गई थी।
- जल संसाधन विभाग द्वारा पारदर्शी तरीके से जल प्रबंधन तथा नहरी प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश में पहली बार 'स्काड सिस्टम' को बीसलपुर बांध पर लागू किया गया है। पाली के जवाई बांध और बूंदी के गुढ़ा

बांध के साथ-साथ गंग-भाखड़ा नहर प्रणाली एवं नर्मदा नहर परियोजना को भी इस सिस्टम से तहत लाया जा रहा है।

- मुख्मंत्री अशोक गहलोत ने 23 सितम्बर, 2020 को प्रदेश की पहली भूमिगत मेट्रो ट्रेन का ई-लोकार्पण किया। जयपुर शहर के परकोर्ट में मेट्र फेज वन-बी के तहत चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक 2.12 किमी तक यह मेट्रो ट्रेन चलेगी। उल्लेखनीय है कि मेट्रो फेज वन-बी का शिलान्यास 21 सितम्बर, 2013 को किया गया था।

## प्रदेश को सात पुरस्कार

- प्रदेश को नवम्बर, 2020 में जल संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2019' के तहत सामान्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तीसरा पुरस्कार मिला।
- सितम्बर, 2020 में राष्ट्रीय जल मिशन के तहत दो पुरस्कार प्राप्त हुए थे। इनमें जल संरक्षण, वृद्धि एवं संरक्षण की श्रेणी में नर्मदा नहर परियोजना सांचौर के लिए प्रथम व पानी के उपयोग की दक्षता 20 प्रतिशत बढ़ाने की श्रेणी में आईजीएनपी स्टेज-2 के अन्तर्गत तेजपुरा माईनर के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला था।
- फरवरी, 2020 में सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पावर पुरस्कार-2020 के तहत एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन क्षेणी में इंदिरा गांधी नहर परियोजना प्रणाली तथा सहभागी सिंचाई प्रबंधन श्रेणी में सम्पूर्ण राजस्थान को पुरस्कृत किया गया।
- अगस्त, 2020 में जल इनोवेशन शिखर सम्मेलन में जल नवाचार पुरस्कार के तहत सर्वश्रेष्ठ राज्य जल बोर्ड की श्रेणी में इंदिरा गांधी नहर बोर्ड तथा नव प्रौद्योगिकी का समावेशन की श्रेणी में नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट राजस्थान को पुरस्कार प्रदान किया गया।



# 5 रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी

## ■ पिनाका रॉकेट प्रणाली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (The Defence Research and Development Organisation) ने 4 नवम्बर, 2020 को ओडिशा के चांदीपुर टेस्ट रेंज से पिनाका रॉकेट प्रणाली का परीक्षण किया। पिनाका रॉकेट प्रणाली का यह उन्नत संस्करण अत्याधुनिक दिशासूचक प्रणाली से लैस है तथा यह मौजूदा पिनाका एमके-आई का स्थान लेगा।

## ■ भारत पहुंचे तीन और राफेल

फ्रांस से तीन और राफेल लड़ाकू विमान 4 नवम्बर, 2020 को गुजरात के जामनगर एयरबेस पर पहुंचे। इससे पहले 5 राफेल 28 जुलाई, 2020 को भारत पहुंचे थे, जिन्हें 10 सितम्बर, 2020 को भारतीय वायुसेना में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया। उल्लेखनीय है भारत 36 राफेल विमानों की खरीद फ्रांस से कर रहा है। इसके लिए 23 सितम्बर, 2016 में फ्रांसीसी एयरोस्पेस कम्पनी दसौं एविएशन से 59,000 करोड़ रुपए का सौदा किया गया था।

**यह भी जानें**:-राफेल फ्रांस का डबल इंजन वाला और मल्टीरोल लड़ाकू विमान है। यह 4.5 जेनरेशन वाला लड़ाकू विमान है। विमान में मौजूद मीटीओर मिसाइ, SCALP क्रूज मिसाइल और MICA मिसाइल प्रणाली इसे सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण बनाती हैं। राफेल 2,222.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार और 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इस विमान की रेंज तकरीबन 3,700 किलोमीटर है यानी यह एक बार में लगभग 3,700 किलोमीटर तक बढ़ सकता है, हालांकि इस रेंज को मिड-एयर रीफ्यूलिंग के साथ बढ़ाया जा सकता है। राफेल अपने साथ एक बार में 9,500 किलोग्राम बम और गोला-बारूद ले जा सकता है।

## ■ इसरो का अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 7 नवम्बर, 2020 को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (Earth OBservation Satellite-1) का श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इस उपग्रह से कृषि, वानिकी, आपदा प्रबंधन आदि में सहायता मिलेगी। साथ ही यह पृथ्वी के भौतिक, रासायनिक व जैविक तंत्र की जानकारी भी एकत्र करेगा। इसरो ने पीएसएलवी-सी 49 प्रक्षेपण यान ने इस सैटेलाइट के साथ-साथ अमेरिका और लक्जमबर्ग के 4-4 तथा लिथुआनिया के एक उपग्रह का भी प्रक्षेपण किया।

## ■ स्कॉर्पीन पनडुब्बी 'वागीर' लॉन्च

भारतीय सेना ने स्कॉर्पीन श्रेणी की 5वीं पनडुब्बी आईएनएस 'वागीर' को 12 नवम्बर, 2020 को दक्षिण मुम्बई के मझगांव डॉक में लॉन्च किया। यह पनडुब्बी एंटी सरफेस बारफेयर माइन्स बिछाने, खुफिया जानकारी जुटाने और क्षेत्र की निगरानी में सक्षम है। यह परमाणु हथियारों से हमला करने और एरिया सर्विलांस जैसी विशेषताओं से लैस है।

**यह भी जानें**:- वागीर कलवरी श्रेणी के 6 पनडुब्बियों में से एक है, जिनका निर्माण भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 75 के अन्तर्गत 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत किया जा रहा है। हिंद महासागर में पाई जाने वाली एक शिकारी मछली के नाम पर इसका नाम रखा गया है।

## ■ भारतीय नौसेना को मिला 'पी-8 आई' विमान

भारत ने अमेरिका से एंटी सबमरीन एयरक्राफ्ट 'पी-8 आई' खरीदा है जो 18 नवम्बर, 2020 को भारतीय नौसेना ने गोवा के नेवल बेस आईएनएम हंस पर प्राप्त किया। भारत अमेरिका से ऐसे 4 विमान खरीद रहा है। भारत के पास पहले से ऐसे आठ विमान हैं, जो हिंद महासागर में निगरानी के लिए तैनात हैं।

**यह भी जानें**:- पोसायडन 8 आई (पी-8 आई) सामुद्रिक निगरानी और पनडुब्बीरोधी विमान है। इसे अमेरिका की बोइंग कंपनी द्वारा विकसित किया गया है।

## ■ ब्रह्मोस मिसाइल का लैंड अटैक संस्करण

भारत ने नवम्बर, 2020 में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के लैंड-अटैक संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। नई लैंड-अटैक संस्करण में मिसाइल की रेंज को 290 किमी. से 400 किमी. तक बढ़ाया गया है और इसकी गति को 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक रखा गया है। परीक्षण 'ऊपर से हमला' के रूप में किया गया था।

**ब्रह्मोस मिसाइल:-** इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों को ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसकी स्थापना रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (The Defence Research and Development Organisation) और रूस की मशिनोस्ट्रोयेनिया ने की है।

यह मध्यम दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। क्रूज मिसाइल पृथ्वी की सतह के समानांतर चलते हैं और उनका निशाना बिल्कुल सटीक होता है। गति के आधार पर ऐसी मिसाइलों को उपध्वनिक/सबसोनिक (लगभग 0.8 मैक), पराध्वनिक/सुपरसोनिक (2-3 मैक) और अतिध्वनिक/हाइपरसोनिक (5 मैक से अधिक) क्रूज मिसाइलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह विश्व की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, साथ ही सबसे तेज क्रियाशील एंटी-शिप क्रूज मिसाइल भी है। यह मिसाइल 'दागो और भूल जाओ' के सिद्धांत पर कार्य करती है। इसकी वास्तविक रेंज 290 किलोमीटर है परंतु लड़ाकू विमान से दागे जाने पर यह लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच जाती है। भविष्य में इसे 600 किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है। ब्रह्मोस के विभिन्न संस्करण, जिनमें भूमि, युद्धपोत, पनडुब्बी और सुखोई -30 लड़ाकू जेट शामिल हैं, जिनको को पहले ही विकसित किया जा चुका है तथा अतीत में इसका सफल परीक्षण किया जा चुका है।

## ■ सी-गार्जियन ड्रोन

भारतीय नौसेना ने नवम्बर, 2020 में दो अमेरिकी MQ-9B सी-गार्जियन अनमैंड ड्रोन्स को अपने बेड़े में शामिल किया है। इन दोनों ड्रोन्स को भारतीय नौसेना द्वारा एक वर्ष के लिए लीज पर लिया गया है। यह अमेरिका के प्रिडेटर MQ9 अनमैंड एरियल व्हीकल (UAV) का समुद्री संस्करण है। यह लगभग 40 घंटे से अधिक समय तक 40000 फीट की अधिकतम ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। इसका उपयोग एंटी-सरफेस वारफेयर, एंटी-सबमरीन वारफेयर, आपदा राहत, खोज तथा बचाव और कानून प्रवर्तन (ड्रग तस्करी, अवैध आप्रवासन और समुद्री चोरी को रोकने) जैसे ऑपरेशन में किया जा सकता है।

## ■ सिम्बैक्स-2020

'सिम्बैक्स' भारत-सिंगापुर के बीच आयोजित होने वाला समुद्री अभ्यास है। 27वें सिम्बैक्स का आयोजन 23-25 नवम्बर, 2020 को अण्डमान सागर में किया गया। वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस अभ्यास का उद्देश्य आपसी अन्तर-संचालन को बढ़ाना और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखना है।

## ■ मालाबार-2020

चार देशों के संयुक्त नौसेना अभ्यास मालाबार का आयोजन 3-6 नवम्बर, 2020 को बंगाल की खाड़ी में विशाखापट्टनम में सम्पन्न हुआ। इसकी शुरुआत वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई थी। वर्ष 2015 में इसमें जापान और वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलिया शामिल हुआ।

## ■ C32 LH2 टैंक

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने दिसम्बर, 2020 में अब तक के सबसे बड़े क्रायोजेनिक प्रणोदक टैंक C32 LH2 (Cryogenic Propellant Tank) को ISRO को सौंप दिया। इस टैंक का निर्माण GSLV MK-III लॉन्चिंग वाहन की पेलोड क्षमता को 4 टन से बढ़ाकर 6 टन करने के लिए किया गया है। अभी तक भारत भारी संचार उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए फ्रांसीसी एरियन 5 रॉकेट पर निर्भर था। इस टैंक से भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी और वह अपने भारी उपग्रहों को स्वयं भेज पाएगा।

## ■ भारत-इंडोनेशिया संयुक्त गश्त

भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेना के मध्य भारत-इंडोनेशिया संयुक्त गश्त (इंड-इंडो कॉरपैट) के 35वें संस्करण का आयोजन 17-18 दिसम्बर, 2020 को किया गया है। समुद्री संधियों को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए दोनों देशों की नौसेनाएं वर्ष 2002 के बाद से अपनी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ कॉरपैट का आयोजन कर रही हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शिपिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## ■ 'CMS-1' उपग्रह

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 17 दिसम्बर, 2020 को भारत के 42वें संचार उपग्रह 'CMS-01' को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह उपग्रह विस्तारित

सी-बैण्ड के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करेगा तथा इसके कवरेज क्षेत्र में अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप समेत संपूर्ण भारत शामिल होगा। यह उपग्रह जीसैट तथा इनसैट श्रृंखला के बाद भारत के संचार उपग्रहों की एक नई श्रृंखला 'CMS' का पहला उपग्रह होगा। यह नया उपग्रह अंतरिक्ष में GSAT-12 का स्थान लेगा, जिसे वर्ष 2011 में लॉन्च किया गया था।

## ■ चांद से नमूने लेकर लौटा 'चांग ई-5'

चीन चांद की सतह पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाला विश्व का दूसरा देश बन गया है। चीन के अंतरिक्षयान, 'चांग ई-5' ने 04 दिसम्बर, 2020 को चंद्रमा की सतह पर चीन का ध्वज फहराया। यह चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला चीन का तीसरा अंतरिक्षयान है, जबकि चंद्रमा की सतह से वापस आने वाला पहला अंतरिक्षयान होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने वर्ष 1969 में अपोलो 11 मिशन के दौरान चंद्रमा पर पहली बार झंडा फहराया था। चीन के 'चांग ई-5' मिशन का लक्ष्य चांद की सतह से लगभग दो किलोग्राम चट्टानों के नमूनों को एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर अध्ययन के लिए लाना है।

## ■ पासेक्स अभ्यास

भारतीय नौसेना ने 4-5 दिसम्बर, 2020 को रूस के साथ पूर्वी हिन्द महासागर में नौसेन्य अभ्यास 'पासेक्स' का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता बढ़ाना, तालमेल बेहतर करना और बेहतरीन कार्यप्रणाली को अपनाना है।



# 6 आर्थिक घटनाक्रम

## ■ ऑपरेशन ग्रीन्स योजना

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 2 नवम्बर, 2020 को ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018-19 की बजट घोषणा में इस योजना को शामिल किया गया था। योजना के तहत परिवहन सब्सिडी को किसान रेल पर लागू किया गया, जो 12 अक्टूबर, 2020 से लागू हुई। योजना के तहत फलों व सब्जियों को बाजार में परिवहन के माध्यम से भेजने पर कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में किसानों को मिलेगा। इसके साथ ही किसानों के लिए भण्डार शुल्क की कुल लागत के 50 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था भी है।

## ■ 100 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिसम्बर, 2020 में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) द्वारा विकसित देश का पहला 100 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल लॉन्च किया। इस प्रीमियम पेट्रोल को XP100 ब्रांड नाम से बेचा जाएगा और प्रारंभ में यह केवल 10 प्रमुख शहरों- दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, आगरा, जयपुर, चंडीगढ़, लुधियाना, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में कुछ चुनिंदा स्थानों पर उपलब्ध होगा। अब तक यह केवल छह देशों- अमेरिका, जर्मनी, ग्रीस, इंडोनेशिया, मलेशिया तथा इजराइल में उपलब्ध था।

**यह भी जानें**:- 'ऑक्टेन' ईंधन के स्थायित्त्व को मापने का एक उपाय है। यह मुख्य तौर पर 'नॉक' से बचने की ईंधन की क्षमता को मापता है। 'नॉक' ऐसी स्थिति को कहते है जब इंजन के सिलेंडर का ईंधन असमान रूप से प्रज्वलित होता है, जो इंजन की दक्षता को कम करता है और यह इंजन के लिए हानिकारक हो सकता है। इस प्रकार ईंधन की ऑक्टेन क्षमता जितनी अधिक होती है वह इंजन को 'नॉक' से उतना ही अधिक बचाता है। सामान्य तौर पर लगभग सभी ईंधनों में 87 ऑक्टेन पाया जाता है।

## ■ WPI गत 8 माह में उच्च्तम स्तर पर

भारत में 'थोक मूल्य सूचकांक' (Wholesale Price Index-WPI) आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर, 2020 में विगत आठ महीनों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। अक्टूबर 2020 में 1.48% तक पहुंच गई थी, जबकि अक्टूबर 2019 में यह 0% और सितम्बर 2020 में 1.32% थी।

**मुद्रास्फीति** (Inflation):- मुद्रास्फीति कीमतों के सामान्य स्तर में सतत् वृद्धि है। मुद्रास्फीति दर को मूल्य सूचकांक के आधार पर मापा जाता है, जो दो प्रकार के होते हैं- 1. थोक मूल्य सूचकांक (WPI), 2. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index-CPI)।

## ■ आयुष निर्यात संवर्द्धन परिषद

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने आयुष उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त तौर पर आयुष निर्यात संवर्द्धन परिषद की स्थापना करने का निर्णय किया है। भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा आयुष उत्पादों और सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक विकसित किए जाएंगे।

## ■ विनीत अग्रवाल

देश की प्रमुख लॉजिस्टिक्स कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने 21 दिसम्बर, 2020 को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। उन्होंने इस पद पर हीरानंदानी समूह के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. निरंजन हीरानंदानी का स्थान लिया है।

**एसोचैम**:- एसोचैम भारत के सबसे बड़े व्यापार संघों में से एक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1920 में भारतीय उद्योग के मूल्य सृजन हेतु की गई थी। इस व्यापारिक संघ ने देश के व्यापार, वाणिज्य और औद्योगिक वातावरण को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसका मुख्यालय दिल्ली में है।

# 7 खेल जगत्

## क्रिकेट

### मुम्बई इंडियन्स ने जीता आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण का आयोजन 19 सितम्बर से 10 नवम्बर, 2020 के बीच संयुक्त अरब अमीरात के दुबई, शारजाह और अबूधाबी में किया गया। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में मुम्बई इंडियन्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 5 विकेट से हराकर 5वीं बार (सर्वाधिक) आईपीएल खिताब जीता। मुम्बई इंडियन्स के ट्रेंट बॉल्ट को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मुम्बई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर थे।

**अन्य प्रमुख तथ्यः-**

- **मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर** – जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), 14 मैचों में 20 विकेट लिए।
- **ऑरेंज कैप** – के.एल. राहुल (किंग्स इलैवन पंजाब), सर्वाधिक 630 रन बनाए।
- **पर्पल कैप** – कगिसो रबादा (दिल्ली कैपिटल्स), सर्वाधिक 17 मैचों में 30 विकेट लिए।
- **सर्वाधिक छक्के** – ईशान किशन (मुम्बई इलैवन), 30 छक्के लगाए।
- **सर्वाधिक चौके** – शिखर धवन (दिल्ली कैपिटल्स), 67 चौके लगाए।
- **सबसे तेज शतक** – मयंक अग्रवाल (किंग्स इलैवन पंजाब), 45 गेंदों में शतक।
- **सबसे तेज अर्धशतक** – निकोलस पूरन (किंग्स इलैवन पंजाब), 17 गेंदों में अर्धशतक।

### सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को 'ICC मेल क्रिकेटर ऑफ द डेकेड' के रूप नामित किया और इसके लिए उन्हें सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की ऑल-राउंडर एलीस पेरी को 'ICC फीमेल क्रिकेटर ऑफ द डेकेड' के रूप नामित किया है और इसके लिए उन्हें राचेल हीहो फ्लिंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को 'टेस्ट प्लेयर ऑफ द डेकेड', रशीद खान को 'टी-20 क्रिकेटर ऑफ द डेकेड' और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को 'ICC स्पिरिट ऑफ द क्रिकेट अवार्ड ऑफ द डेकेड' के रूप में नामित किया गया है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया वन डे सीरीज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 27 नवम्बर से 2 दिसम्बर, 2020 के बीच तीन मैचों की वन डे सीरीज का आयोजन किया गया। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराकर सीरीज जीती। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली व ऑस्ट्रेयाई टीम के कप्तान एरोन फिंच थे।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4-8 दिसम्बर, 2020 को तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आयोजन किया गया। भारत ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर सीरीज जीती। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया।

## टेनिस

### एटीपी टूर्स फाइनल्स-2020

पुरुषों की एटीपी टूर्स टूर्नामेंट-2020 का आयोजन 15-22 नवम्बर, 2020 को लंदन में किया गया।

**ये रहे विजेताः-**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** – | **विजेता** | डेनिल मेदवेदेव (रूस) |
| | **उपविजेता** | डोमिनिक थिएम (ऑस्ट्रिया) |
| **पुरुष युगल** – | **विजेता** | वेस्ले कूलहॉफ (नीदरलैंड्स) व निकोला मेक्टिक (क्रोएशिया) |
| | **उपविजेता** | जर्गेन मेल्जर (ऑस्ट्रिया) व एडवर्ज रोजर वैसेलिन (फ्रांस) |

### पेरिस मास्टर्स टेनिस-2020

रोलेक्स पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 8 नवम्बर, 2020 को पेरिस में किया गया।

**ये रहे विजेता :-**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल**- | **विजेता** | डेनिल मेदवेदेव (रूस) |
| | **उपविजेता** | अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) |
| **पुरुष युगल** - | **विजेता** – | फेलिक्स ऑगेर अलियास्सिमे (कनाडा) व हबर्ट हरकाज (पोलैण्ड) |
| | **उपविजेता** | मेते पाविक (क्रोएशिया) व ब्रूनो सुआरेज (ब्राजील) |

## टेबल टेनिस

### ■ आईटीटीएफ महिला वर्ल्डकप- 2020

वर्ष 2020 के आईटीटीएफ महिला वर्ल्ड कप टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 8-10 नवम्बर, 2020 को चीन के वहाई में किया गया। चीन की चेन मेंग ने हमवतन सुन यिंगशा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जापान की मीमा इतो ने जर्मनी की हान यिंग को हराकर कांस्य पदक जीता।

### ■ आईटीटीएफ पुरुष वर्ल्डकप- 2020

वर्ष 2020 के आईटीटीएफ पुरुष वर्ल्ड कप टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 13-15 नवम्बर, 2020 को चीन के वहाई में किया गया। चीन के फैन जेंडॉन्ग ने हमवतन मा लोंग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जापान के तोमोकाजू हेरीमोतो ने दक्षिण कोरिया के जांग वू-जिन को हराकर कांस्य पदक जीता।

## फुटबॉल

### ■ फीफा अंडर-17 महिला फुटबॉल कप रद्द

अन्तरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ 'फीफा' ने कोविड-19 के संक्रमण के चलते फरवरी-मार्च, 2021 में भारत में होने वाले अंडर-17 महिला फुटबॉल विश्वकप प्रतियोगिता को रद्द कर दिया है। अब यह वर्ष 2022 में भारत की मेजबानी में आयोजित होगा।

### ■ फीफा के वर्ष 2020 के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

विश्व फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा के वर्ष 2020 के पुरस्कार समारोह का आयोजन 17 दिसम्बर, 2020 को किया गया।

**ये रहे विजेता:-**

- **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर** - रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (पोलैण्ड)
- **वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर**-लूसी ब्रॉन्ज (इंग्लैंड)
- **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच**- जर्गन क्लॉप
- **वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच** - सरीना वीगमैन
- **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर**-मैनुअल नेउर (जर्मनी)
- **वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर**- सारा बॉहद्द (फ्रांस)
- **फेयर प्ले अवॉर्ड** - मटिया एग्नेस (इटली)
- **सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुस्कस पुरस्कार** - सोन हेग मिन (कोरिया गणराज्य)
- **फीफा फैन अवॉर्ड** - मारिवाल्डो फ्रांसिस्को दा सिल्वा (ब्राजील)

## बॉक्सिंग

### ■ एलेक्सिस वेलेंटाइन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट

एलेक्सिस वेलेंटाइन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन 27-31 अक्टूबर, 2020 के बीच फ्रांस के नांतेस में किया गया।

**इन भारतीय मुक्केबाजों ने जीते पदक:-**

- **स्वर्ण पदक** - अमित पंघाल, संजीत और आशीष कुमार
- **रजत पदक** - कविंदर सिंह विष्ट
- **कांस्य पदक**- शिवा थापा, सुमित सांगवान और सतीश कुमार

## एथलेटिक्स

### ■ वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड 2020

अन्तरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने 28 नवम्बर, 2020 को वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड के विजेताओं की घोषणा की। स्वीडन के पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस को पुरुषों में और वेनेजुएला की ट्रिपल जंपर युलिमार रोजास को महिलाओं की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार दिया गया।

## फार्मूला वन रेस

### ■ तुर्की ग्रैंड प्रिक्स

वर्ष 2020 की 14वीं कार रेस 'तुर्की ग्रैंड प्रिक्स' का आयोजन 15 नवम्बर, 2020 को तुर्की के तुजला में किया गया।

**विजेता** - लुईस हैमिल्टन (यूके), मर्सिडीज टीम
**द्वितीय** - सर्जियो पेरेज (मैक्सिको), फरारी टीम

### ■ अबूधाबी ग्रैंड प्रिक्स

'अबूधाबी ग्रैंड प्रिक्स' का आयोजन 13 दिसम्बर, 2020 को अबूधाबी में किया गया।

**विजेता** - मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स), रेडबुल टीम
**द्वितीय** - वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड), मर्सिडीज टीम

## अन्य

### ■ ओलम्पिक में शामिल होगा ब्रेकडांस

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ब्रेकडांस को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल में शामिल कर लिया है। एक ओलंपिक खेल के तौर पर 'ब्रेकडांस' अथवा 'ब्रेकिंग' (ब्रेक डांसिंग का प्रतिस्पर्द्धात्मक स्वरूप) की आधिकारिक शुरुआत पेरिस में वर्ष 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान की जाएगी। हिप-हॉप संस्कृति के एक प्रमुख प्रारूप के रूप में ब्रेक डांसिंग की शुरुआत 1970 के दशक में अमेरिका में हुई थी।

### ■ गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और मलखम्ब

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने हरियाणा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2021 में चार स्वदेशी खेलों- गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और मलखम्ब को शामिल करने को मंजूरी दी है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 (KIYG) का आयोजन हरियाणा में किया जाएगा। KIYG-2020 का आयोजन गुवाहाटी (असम) में किया गया था। KIYG खेलों के प्रोत्साहन हेतु संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम 'खेलो इंडिया' का हिस्सा है जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2017 में अनुमोदित किया गया था।

### ■ योगासन को प्रतिस्पर्द्धी खेल की मान्यता

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने योगासन को प्रतिस्पर्द्धी खेल के रूप में औपचारिक तौर पर मान्यता दे दी है, जिससे इसे सरकारी सहायता मिल सकेगी। योगासन के एक खेल बनने से इसमें नई तकनीकें और नई रणनीतियां शामिल की जा सकेंगी, जिससे खिलाड़ियों और अधिकारियों को इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

## चर्चित खिलाड़ी

### ■ लियोनस मेसी

अर्जेन्टीना के फुटबॉलर लियोनस मेसी किसी एक क्लब के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ब्राजील के पेले का 643 गोल का रिकॉर्ड तोड़ा।

### ■ नंगगोम बाला देवी

मणिपुर की नंगगोम बाला देवी ने 6 दिसम्बर, 2020 को पेशेवर यूरोपीय फुटबॉल लीग में गोल कर इतिहास रच दिया। वे ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने 'रेंजर्स फुटबॉल क्लब' के लिए 'मदरवेल फुटबॉल क्लब' के खिलाफ गोल किया।

